राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | जमशेदपुर, मंगलवार 10 सितंबर 2024 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष 07 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 2, अंक : 153 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




### मंच से हटाने की कोशिश पर जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी के समर्थकों से भिड़े पूर्व सांसद डॉ. अजय के समर्थक

# कांग्रेस के जन संवाद कार्यक्रम में जमकर हंगामा, प्रदेश अध्यक्ष नाराज

**वरीय संवाददाता । जमशेदपुर**

पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस के 'संवाद आपके साथ' कार्यक्रम में सोमवार को जमकर हंगामा, धक्का-मुक्की व हाथापाई हुई. यह सब कुछ नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व विधायक जेपी पटेल, जिला की सह प्रभारी रमा खलको, पूर्व सांसद प्रदीप कुमार बलमुचू की मौजूदगी में हुआ. हंगामा इतना बढ़ गया कि प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो मंच छोड़कर बाहर निकल गए. उन्होंने इस घटना पर भारी नाराजगी व्यक्त की.

दरअसल, कार्यक्रम में एक तरह से शक्ति प्रदर्शन भी दिखा. जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, डॉ. अजय कुमार व सत्यम सिंह के समर्थक गुटों में बंटकर कार्यक्रम में पहंचे थे. कार्यक्रम में आने से पहले समर्थक अपने-अपने नेताओं का नाम लेकर नारेबाजी करते रहे. इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व विधायक व अन्य वरिष्ठ कांग्रेसी मौन रहे. बाहर की नारेबाजी माइकल जॉन हॉल में भी शुरू हो गई. इसी दौरान मंच पर चढ़े डॉ. अजय के समर्थकों को जिलाध्यक्ष के समर्थक हटाने लगे. जिसको लेकर हंगामा शुरू हुआ. जो धक्का-मुक्की व बाद में हाथापाई तक पहुंच गया. करीब एक घंटे तक हंगामा होता रहा.

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष समेत सारे नेता तमाशबीन बने हुए थे. अंततः प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश गुस्से में मंच छोड़कर बाहर निकल गए. बाद में डॉ. अजय कुमार, नट्टू झा समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं के मनाने पर प्रदेश अध्यक्ष कार्यक्रम में शामिल हुए.





### दावेदारी जताने को किया शक्ति प्रदर्शन

आगामी विधानसभा चुनाव में दावेदारी जताने लिए नेता अपने समर्थकों के साथ गुटों में बंटकर पहुंचे. सत्यम सिंह के समर्थकों को आनंद बिहारी दुबे के समर्थकों ने कार्यक्रम में व्यवधान डालने का आरोप लगाकर चुप रहने की नसीहत दी, जिसके कारण वे भड़क गए. इस दौरान फिर हंगामा होने लगा. जिसके कारण प्रदेश अध्यक्ष को दखल देकर उन्हें शांत कराना पड़ा. सत्यम सिंह एवं प्रिंस सिंह ने जमशेदपुर पूर्वी से चुनाव लड़ने की दावेदारी की है. वहीं जिलाध्यक्ष भी खुद दावेदार हैं. जबकि डॉ. अजय कुमार केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर चुनाव की तैयारी कर रहे हैं. हंगामा का एक कारण जिलाध्यक्ष द्वारा कई दावेदारों का नाम सूची से काटना भी रहा.

## जोश में होश नहीं खोएं नेता व कार्यकर्ता : प्रदेश अध्यक्ष



प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार जमशेदपुर पहुंचे केशव महतो कमलेश ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यकर्ताओं में जोश अच्छी बात है. लेकिन इस दौरान होश खोने से पार्टी की छवि प्रभावित होती है. उन्होंने बड़े नेताओं को भी पार्टी लाइन पर चलने का निर्देश दिया. साथ ही कहा कि अनुशासन सबसे जरूरी है. गुटबाजी से पार्टी को नुकसान एवं दूसरे दलों को फायदा होता है.

## डोबो पुल पर आज सुबह 8 से शाम 7 बजे तक नो इंट्री

**आदित्यपुर** । मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर कल मंगलवार को सुबह 8 से शाम 7 बजे तक डोबो पुल से छोटी बड़ी गाड़ियों का आवागमन पूर्णतः बंद रहेगा. सरायकेला जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा निकाले गए नो एंट्री के आदेश में यह कहा गया है कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर कल इस मार्ग से हजारों कार्यकर्ताओं का आना जाना होगा, जिसके मद्देनजर सुबह 8 बजे से शाम 7 बजे तक छोटी बड़ी सभी प्रकार की गाड़ियों पर जिला प्रशासन के द्वारा प्रतिबंध लगाया गया है. इस दौरान जिला प्रशासन ने वैकल्पिक मार्ग के रूप में चांडिल जानेवालों को मानगो पारडीह काली मंदिर होकर और सरायकेला जाने के लिए पुडिसिली मार्ग का उपयोग करने की सलाह दी है.यह जानकारी सरायकेला खरसावां जिले के यातायात प्रभारी इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिंह ने दी.

# टाटा स्टील में 17.89% बोनस

### 27,454 कर्मचारियों के बीच बंटेंगे 303.13 करोड़ रुपये

- इसमें अन्य डिवीजन के 11,654 कर्मचारी शामिल

**वरीय संवाददाता । जमशेदपुर**

टाटा स्टील के कर्मचारियों के लिए सोमवार खुशी भरा रहा. कयासों के बीच टाटा स्टील प्रबंधन और कर्मचारी यूनियन (टीडब्ल्यूयू) के बीच बोनस समझौता हो गया. इस बार कर्मचारियों को 17.89 प्रतिशत बोनस मिलेगा. सितंबर में ही कर्मचारियों के खाते में पैसे ट्रांसफर हो जाएंगे. उम्मीद है विश्वकर्मा पूजा से पहले पैसे खाता में चला जायेगा.

टाटा वर्कर्स यूनियन ने कंपनी के घाटे में चलने के बाद भी बेहतर बोनस दिलाने का दावा किया. टाटा वर्कर्स यूनियन ऑफिस में बोनस समझौते के संबंध में जानकारी देते हुए अध्यक्ष संजीव चौधरी उर्फ टुन्नू चौधरी ने बताया कि समझौते के मुताबिक टाटा स्टील के कर्मचारियों के बीच 303.13 करोड़ रुपये बोनस के रूप में बांटे जाएंगे. इसका लाभ कंपनी के 27,454 कर्मचारियों को मिलेगा.

उक्त राशि में 168.64 करोड़ रुपये टाटा स्टील ट्यूब डिवीजन एवं अन्य डिवीजन के कर्मचारियों में बंटेगा. इनकी संख्या 11,654 है.

गौरतलब हो कि पिछले साल कंपनी मुनाफे में थी. फिर भी 298.82 करोड़ रुपये ही बोनस के रुप में मिले थे. हालांकि मुनाफे का हवाला देकर यूनियन ने प्रबंधन पर अतिरिक्त राशि देने का आग्रह किया. इसके बाद कंपनी ने 15.88 करोड़ रुपये दिये गये थे. इसके कारण वह राशि इस बार के बोनस से ज्यादा थी. दूसरी ओर कंपनी के घाटे के बावजूद बेहतर बोनस कराने के लिए टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारियों का कर्मचारियों ने ढोल नगाड़ा बजाकर और पटाखा फोड़कर स्वागत किया.



बोनस समझौता के बाद टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेन्द्रन के साथ यूनियन व कंपनी के पदाधिकारी.

### अधिकतम 4.09 लाख व न्यूनतम 38 हजार मिलेगा

बोनस समझौता वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए किया गया. टुन्नू चौधरी ने बताया कि कंपनी के ओल्ड सीरीज में एक्चुअल अटेंडेंस पर अधिकतम 4.09 लाख रुपये बोनस मिलेंगे. वहीं, एक्चुअल अटेंडेंस पर न्यू सीरीज (एनएस) वालों को अधिकतम 1.13 लाख रुपये मिलेंगे. न्यूनतम बोनस की राशि 38,203 रुपये होगी.

### टाटा स्टील में अगले साल बनेगा नया बोनस फार्मूला

**जमशेदपुर** । टाटा स्टील में कर्मचारियों का बोनस हो गया है. इसमें तय फार्मूला के तहत नेट प्रॉफिट पर 1.5 फीसदी के हिसाब से 169.13 करोड़ रुपये, प्रोफिटेबिलिटी पर प्रोटिव प्रति टन सेलेबल स्टील के हिसाब से 49.0 करोड़ रुपये, प्रोडक्टिविटी प्रति टन क्रूड स्टील यानि एक व्यक्ति प्रतिवर्ष उत्पादन करने के आधार पर 80 करोड़ रुपये और सेफ्टी पर 0.30 एलटीआइएफआर के हिसाब से पांच करोड़ रुपये दिया जाएगा. गौरतलब है कि बोनस फार्मूला को लेकर वर्ष 2021 में ही एक समझौता हुआ था. इसके तहत 2023-24 तक के लिए इसी फार्मूला के आधार पर बोनस समझौता होता आया है. अब अगले साल नया फार्मूला बनाना होगा, जिसके आधार पर बोनस समझौता होगा.

### टाटा स्टील टिनप्लेट डिवीजन में 860 कर्मियों के बीच बंटेगा 4.68 करोड़

**जमशेदपुर** । टाटा स्टील के बाद अब टाटा स्टील टिनप्लेट डिवीजन में भी सोमवार को बोनस समझौता हो गया है. टाटा स्टील टिनप्लेट डिवीजन के कर्मचारियों को 17.89 प्रतिशत बोनस मिलेगा. कर्मचारियों को अधिकतम 1 लाख 694 रुपए बोनस मिलेगा. टिनप्लेट कंपनी में 860 कर्मचारियों के बीच 4 करोड़ 68 लाख बोनस की राशि बंटेगी. पिछले साल 895 कर्मियों के बीच 5 करोड़ 31 लाख 70 हजार 319 रुपए बोनस बंटा था. पिछले साल कर्मचारियों को 20 प्रतिशत बोनस मिला था. गत वर्ष टिनप्लेट के पुराने ग्रेड के कर्मचारियों को अधिकतम 85,122 रुपए और न्यूनतम 53,897 रुपए मिले थे. एनएस ग्रेड के कर्मचारियों को अधिकतम 64,034 रुपए और न्यूनतम 19,728 रुपए बोनस मिले थे. बोनस समझौते पर यूनियन के अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय, उपाध्यक्ष परविंदर सिंह सोहल, महामंत्री मनोज कुमार सिंह, वाइस प्रेसिडेंट सतनाम सिंह, गौतम दे, मुन्ना खान, अस्सिटेंट सेक्रेटरी, वकील खान, साईं बाबू राजू, जगजीत सिंह, कोषाध्यक्ष संजय कुमार, सह कोषाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार सिंह ने हस्ताक्षर किए.

# मेरे खिलाफ दायर प्राथमिकी झूठ का पुलिंदा: सरयू राय

### कहा - मेरे ऊपर वार करने के लिए किसी शिखंडी का इस्तेमाल नहीं करें बन्ना गुप्ता

**प्रमुख संवाददाता । रांची**

सरयू राय ने अरगोड़ा थाने में दायर की प्राथमिकी को झूठ का पुलिंदा बताया है. कहा है कि यह अर्धसत्य पर आधारित है. इसमें तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है. यह प्राथमिकी खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता की शह पर दायर की गई है. इस प्राथमिकी का उपयोग खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता और कांग्रेस के पूर्व सांसद डॉ. अजय कुमार प्रचार सामग्री के रूप में कर रहे हैं. जो बातें प्राथमिकी में कही गई हैं, वही बातें पूर्व मेरे कई बार, कम से कम पांच बार विभिन्न फोरमों पर कही जा चुकी हैं. वास्तव में यह विचलित मस्तिष्कों की फोरम हंटिंग है. मनोज सिंह ने जेल यात्राएं भी की हैं

प्राथमिकी दायर करने वाले मनोज सिंह का आचरण रांची में सर्वविदित है. इन्होंने आपराधिक कृत्य में जेल यात्राएं भी की हैं. इनका संबंध रांची के एक बड़े आपराधिक गिरोह से रहा है. ये फिलहाल कांगेस के लिए काम कर रहे हैं. बन्ना गुप्ता ने संचिका में मेरे ऊपर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश विभागीय सचिव को दिया, जिसे सचिव ने स्वीकार नहीं किया और मामले पर कानूनी राय जानने के लिए विधि विभाग को भेज दिया. वे इस प्राथमिकी को दुष्प्रचार का साधन बना रहे हैं.

सरयू राय ने कहा कि मेरी चुनौती है कि यदि मेरे ऊपर कोई आरोप सही है, तो वे स्वयं सामने आकर संबंधित संचिका को सार्वजनिक करें. मेरे ऊपर वार करने के लिए किसी शिखंडी का इस्तेमाल नहीं करें. मैंने उनके ऊपर स्वास्थ्य विभाग में कई घोटालों का आरोप लगाया है. पर्याप्त सबूत देने के बावजूद मुख्यमंत्री इस पर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं. उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की संचिका से सबूतों को निकालने के लिए मेरे ऊपर पहले ही प्राथमिकी दर्ज करायी है. वे इसका खंडन नहीं कर रहे है कि मैंने जो दस्तावेज स्वास्थ्य विभाग की संचिका से निकाल कर सार्वजनिक किया है, वे गलत हैं.स्वास्थ्य विभाग में घोटाला करना जायज है और उस घोटाला का पर्दाफाश करना नाजायज है. इसी तरह दवा खरीद घोटाला में भी मैंने पर्याप्त सबूत दिया है, मगर राज्य के मुख्यमंत्री बन्ना गुप्ता के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहे हैं. मैं श्री बन्ना गुप्ता को चुनौती देता हूं कि मैंने जो भी आरोप उन पर लगायें हैं, उन आरोपों को वे गलत साबित करें. आहार पत्रिका के संबंध में संबंधित संचिका में जो तथ्य है, वे सामने हैं. बन्ना गुप्ता इन्हें गलत ठहराने की हिम्मत दिखाएं.

### आहार पत्रिका के प्रकाशक एवं मुद्रक का चयन निविदा के आधार पर हुआ



राय ने कहा कि आहार पत्रिका के प्रकाशक एवं मुद्रक का चयन निविदा के आधार पर हुआ. इसी दर पर उसको भुगतान भी किया गया. मुद्रक को आहार पत्रिका निर्धारित संख्या में सभी जिला के जिला आपूर्ति पदाधिकारी के कार्यालय में जमा करना था, जिसे जिला आपूर्ति कार्यालय द्वारा राशन दुकानों तक पंहुचाना था. खाद्य निदेशक ने सभी जिलों से विवरण मांगा और सभी जिलों ने कहा कि उन्हें निर्धारित संख्या में आहार पत्रिका की प्रतियां प्राप्त हई हैं. यह विवरण संचिका में उपलब्ध है, परन्तु खाद्य आपूर्ति मंत्री को इसमें घोटाला नजर आ रहा है. वे मंत्री हैं, उनके पास सारे तथ्य उपलब्ध हैं. वे मेरे द्वारा मुहैया कराये जा रहे तथ्यों का वस्तुपरक खंडन कर दें.

## एमजीएमसीएच के कर्मचारियों को दो माह से नहीं मिला वेतन

### स्थायी प्राचार्य की मांग, हड़ताल पर गए कर्मचारी

**वरीय संवाददाता । जमशेदपुर**

एमजीएम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के कर्मचारी सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए. कर्मचारियों ने हड़ताल का निर्णय वेतन विसंगति दूर करने तथा कॉलेज में स्थायी प्राचार्य की नियुक्ति की मांग को लेकर लिया. कर्मचारियों का कहना है कि 31 जुलाई को पूर्व प्राचार्य सेवानिवृत्त हो गए. तब से पद रिक्त है.

प्रभारी प्राचार्य के पास वित्तीय शक्तियां नहीं रहने के कारण कर्मचारियों का वेतन फंस गया है. ऐसे में परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है.

कर्मचारियों ने इस संबंध में सोमवार को एमजीएम अस्पताल के अधीक्षक सह प्रभारी प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर प्राचार्य के रिक्त पद पर अतिशीघ्र पदस्थापना किये जाने की मांग की. इसी मांग को लेकर पिछले दिनों कर्मचारियों के संघ द्वारा राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को ज्ञापन सौंपा था. मंत्री ने इस संबंध में जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया. लेकिन अभी तक स्थिति ज्यों की त्यों हैं. कर्मचारियों का कहना है कि स्थायी प्राचार्य की नियुक्ति को लेकर स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव को भी अवगत कराया गया है. लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई. हड़ताल पर गए कर्मचारियों ने कहा कि जब तक प्राचार्य की नियुक्ति नहीं होती है. हड़ताल जारी रहेगी.

## सिदगोड़ा व टेल्को में फायरिंग से दहशत, दो युवक घायल

### पूर्व पुलिसकर्मी के घर से अवैध हथियार बरामद

**वरीय संवाददाता । जमशेदपुर**

जमशेदपुर के सिदगोड़ा एवं टेल्को थाना क्षेत्र में गोलीबारी होने से दहशत बढ़ गई है. सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के एग्रिको लाइट सिग्नल के पास रविवार की देर रात गोलीबारी हुई. इस घटना में आकाश सिंह नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. उसे चिकित्सा के लिए टीएमएच में भर्ती कराया गया है. पुलिस ने कार की तलाश में छापेमारी की. लेकिन कोई नहीं मिला. इस बीच गणेश पूजा कमिटी के सदस्य घायल आकाश के कहने पर पुलिस ने पूर्व पुलिसकर्मी कालिका सिंह के एग्रिको आवास में छापेमारी कर अवैध पिस्टल बरामद किया है. हालांकि इसकी पुलिस ने पुष्टि नहीं की. बताया जाता है कि गोलीबारी में कालिका सिंह के बेटे अक्षय सिंह का हाथ है. घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी हेडक्वार्टर 1 भोला प्रसाद सिंह, सिदगोड़ा थाना प्रभारी गुलाब रब्बानी और अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी.

दूसरी ओर टेल्को भुवनेश्वरी मंदिर से सटे एबीएस कोचिंग सेंटर में सोमवार की दोपहर गोली चली. इस घटना में शिक्षक आकाश घायल हुए हैं. टेल्को तथा बिरसानगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची तथा छानबीन की. हालांकि पुलिस को वहां से कोई खोखा नहीं मिला है. लेकिन कोचिंग सेंटर के कांच पर गोली के निशान देखे गए. पुलिस सीसीटीवी खंगाल रही है.

## डंपर ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत दो महिला घायल



**किरीबुरू** । चिड़िया ओपी अंतर्गत अंकुआ क्षेत्र में एक डंपर ने आज सोमवार शाम करीब साढे.छह बजे बाइक को टक्कर मार दी. इस दुर्घटना में बाइक सवार कुम्बिया गांव निवासी गोनो सुरीन (20 वर्ष) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. जबकि बाइक पर बैठी मृतक गोनो सुरीन की पत्नी का हाथ व बहन का पैर टूट गया है. गंभीर रूप से घायल दोनों महिलाओं को पुलिस की सहयोग से इलाज के लिए मनोहरपुर भेजा गया है. ग्रामीणों ने बताया की गोनो सुरीन अपनी पत्नी व बहन के साथ मोटरसाइकिल से कल मनोहरपुर गया था. मनोहरपुर से वापस अपने गांव कुम्बिया लौट रहा था तभी एक डंपर ने उसकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दिया.

### एक्शन टाटानगर स्टेशन के इर्द-गिर्द अवैध दुकानों पर चला पोकलेन का पंजा, अतिक्रमण हटाया

# जुगसलाई प्रदीप मिश्रा चौक से लोको मोड़ तक तोड़ी गईं दर्जनों दुकानें

**वरीय संवाददाता । जमशेदपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 15 सितंबर को टाटानगर स्टेशन आगमन को लेकर रेल प्रशासन जोर-शोर से तैयारियों जुट गया है. इसके तहत जहां साफ-सफाई एवं रंगरोगन का काम युद्धस्तर पर चल रहा है, वहीं सोमवार को रेल प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया. इस दौरान टाटानगर स्टेशन के इर्द-गिर्द बनी स्थायी व अस्थायी संरचना को तोड़ दिया गया. जुगसलाई प्रदीप मिश्रा चौक से खासमहल लोको मोड़ तक तथा स्टेशन टीओपी से किताडीह जाने वाले रास्ते में रेलवे की जमीन पर सड़क के दोनों ओर बनी अवैध संरचना को धरासायी कर दिया गया. इस दौरान विधि व्यवस्था के लिए आरपीएफ के अलावे जिला पुलिस के जवानों की तैनाती की गई थी. अतिक्रमण हटाए जाने का एक-दो दुकानदारों ने विरोध किया. लेकिन



पुलिस की मौजूदगी के कारण उनकी एक नहीं चली. अपना सामान समेटने में दुकानदार जुट गए.

टाटानगर स्टेशन टीओपी के इर्द-गिर्द दर्जनभर ठेला, खोमचा व गुमटीनुमा दुकानें बन गईं थीं. उन दुकानों को भी सोमवार को रेलवे प्रशासन ने हटवा दिया. ठेला व खोमचा वालो ने स्वयं कब्जा हटा लिया. जबकि स्थायी प्रकृति की बनी दुकानों को पोकलेन की मदद से तोड़ दिया गया. उक्त सभी दुकानें टीओपी की शह पर चलती थी. यहां तक की कल्लू ब्रदर्श के होटल का सामान टीओपी परिसर में बनाया जाता है. बताया जाता है कि कल्लू चायवाला पहले बागबेड़ा थाना का जीप चलाता था. शिकायत मिलने पर उसे हटा दिया गया. लेकिन उसका होटल बदस्तूर चलते रहा. सड़क पर दुकानें लगने के कारण अक्सर यातायात अवरूद्ध हो जाता है.

### बगैर सूचना के तोड़ी गईं दुकानें

रेलवे प्रशासन के अतिक्रमण हटाओ अभियान का कुछ दुकानदारों ने विरोध भी किया. लेकिन उनकी एक नहीं चली. लोको मोड़ के समीप वर्षों से गुमटीनुमा दुकान चलाने वाले अरूण सरकार ने बताया कि दुकान तोड़े जाने से उनका काफी नुकसान हुआ. पूर्वजों के समय से छोटी सी पान की गुमटी थी. जिससे परिवार चलता था. तोड़े जाने से पहले अगर रेल प्रशासन सूचित करता तो कई सामान नष्ट होने से बच जाता. लेकिन रेलवे के अधिकारियों ने पीएम के आगमन एवं एसपीजी के निर्देश का हवाला देकर दुकान तोड़ दी. अरूण सरकार ने कहा कि रोजगार देने की बजाय सरकार लोगों को बेरोजगार कर रही है.



### नाली व गार्डवाल की हो रही मरम्मत

प्रधानमंत्री के टाटानगर स्टेशन आगमन को लेकर रेलवे प्रशासन इर्द-गिर्द के क्षेत्र को चमकाने में जुट गया है. रेलवे के इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के कर्मचारियों को अलग-अलग कार्य आवंटित किए गए हैं. सफाई कार्य में लगे कर्मियों की संख्या बढ़ा दी गई है. टाटानगर स्टेशन के आउट गेट के समीप सिंह होटल (अब नहीं) के समीप बने कचरे के पहाड़ को पोकलेन की मदद से समतल किया जा रहा है. वहीं वर्षों से जाम व बजबजाती नालियों की सफाई करायी जा रही है. कहीं-कहीं ह्यूमपाईप भी लगाए जा रहे है व टूटे हुए गार्डवाल की मरम्मत करायी जा रही है.

## ब्रीफ खबरें

### पोटका में सर्पदंश से 10 वर्षीय बच्ची की मौत

**जमशेदपुर ।** पोटका थाना अंतर्गत हेसलअमदा पंचायत के अमलाटोला गांव की रहने वाली 10 वर्षीय रेणु सरदार की सोमवार की सुबह सर्पदंश से मौत हो गई. परिवार के सूरज सरदार ने बताया कि पूरा परिवार जमीन पर सोया था. बच्ची भी एक ओर सोयी थी. उसी दौरान रात के तीन बजे सांप ने उसे काट लिया. बच्ची के चीखने की आवाज सुनकर सभी उठे और आनन-फानन में उसे एमजीएम अस्पताल लाया गया. जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. रेणु सरदार गांव के सरकारी स्कूल में पांचवीं कक्षा में पढ़ती थी. इस घटना से पूरे परिवार में शोक व्याप्त है.

### कांड्रा स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव के लिए मांग पत्र

**आदित्यपुर ।** कांड्रा स्टेशन पर प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने समाजसेवी प्रकाश कुमार राजू के नेतृत्व में सांसद जोबा मांझी को मांग पत्र सौंपा है. प्रकाश कुमार राजू ने कहा कि लॉकडाउन के दौरान सभी रेल परिचालन बंद होने के बाद पुनः रेल सेवा शुरू हो गई, लेकिन जो ट्रेन पूर्व में कांड्रा स्टेशन पर ठहरती थी, उसका ठहराव शुरू नहीं किया गया. इसके विरोध में 20 जनवरी से कांड्रा स्टेशन पर आमरण अनशन किया था. इसके पश्चात चक्रधरपुर के डीआरएम ने कुछ दिनों का समय मांगा था.

### बराजुडी व बांकी में शिविर का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**घाटशिला ।** प्रखंड के बराजुडी एवं बांकी पंचायत में सोमवार को सरकार आप के द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. शिविर का निरीक्षण करते हुए बीडीओ युनिका शर्मा ने लाभुकों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने बताया कि शिविर में कई समस्याओं व आवेदनों का तत्काल निदान किया जा रहा है. स्वास्थ्य विभाग की ओर से शिविर में लोगों की जांच कर दवा का वितरण किया गया. अंचल कार्यालय के शिविर में लाभुकों ने नमांतरण, जमीन ऑनलाइन कराने सहित प्रमाण पत्र निर्गत कराने का आवेदन जमा किया.

### तुरी समाज ने बीज बोकर की करम पर्व की शुरुआत

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर तुरी समाज ने करम महोत्सव की शुरुआत सोमवार की. इसके तहत समाज की पांच कुंवारी कन्याओं को गाजे-बाजे के नदी तट ले जाया गया. वहां से जावा के लिए बालू लाकर उसमें बीज बोया गया. इस अवसर पर तुरी समाज के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण प्रसाद, ने बताया कि बीज अंकुरित होने के बाद करम महोत्सव का विधिवत समापन होगा. सचिव सागर राम, कोषाध्यक्ष हेमंत प्रसाद, पांच कुंवारी कन्याएं सोनी, रोशनी, रेशमी, संजना, श्रुति, तथा समाज की महिलाएं मौजूद रहीं.

### एनआईटी में इंटरनल हैकथॉन 2024 आयोजित

**आदित्यपुर ।** शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल के सहयोग से अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के निर्देशन में एनआईटी जमशेदपुर ने अपने छात्रों के लिए स्मार्ट इंडिया हैकथॉन (एसआईएच) 2024 के 7वें संस्करण में भाग लेने के लिए 9 सितंबर 2024 को आंतरिक हैकथॉन का आयोजन किया. संस्थानों के विभिन्न इंजीनियरिंग विषयों के 500 से अधिक छात्रों सहित लगभग 90 टीमों ने पंजीकरण कराया और अंत में 70 से अधिक टीमों ने सरकारी और निजी क्षेत्रों द्वारा परिभाषित विभिन्न विषयों के अनुरूप अपने विचार प्रस्तुत किए.

### नरवा पहाड़ में तीन दिवसीय गणेश उत्सव संपन्न

**जादूगोड़ा ।** मूर्ति विसर्जन के साथ ही नरवा पहाड़ यूसिल कॉलोनी में तीन दिवसीय गणेश उत्सव का आज सोमवार को समापन हो गया. इसके पूर्व श्री श्री गणेश पूजा कमेटी नरवा पहाड़ द्वारा लकी ड्रॉ कराया गया. इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार मंगल सिंह, द्वितीय पुरस्कार कृष्ण टुडू, तृतीय पुरस्कार मनोरंजन महाली को देकर सम्मानित किया गया. इसके अलावा अन्य सात सांत्वना पुरस्कार बांटे गए. विसर्जन जुलूस में कमेटी के अध्यक्ष राज सिंगडे, प्रभात दास, सचिव लखन सरदार , राजेश मुखी, सुरेश मुर्मू कोषाध्यक्ष दुखु मुर्मू, सोनाराम हांसदा, बापी नामाता आदि ने हिस्सा लिया.

### आदित्यपुर पुलिस एक्शन में, आधी रात को शराब माफिया शिवा मंडल के ठिकाने पर छापामारी

## एक हजार लीटर अवैध शराब व ट्रैक्टर जब्त, तीन संदिग्ध हिरासत में



रात में छापामारी करने पहुंची पुलिस.

संवाददाता । आदित्यपुर

- नए थाना प्रभारी का नशा के खिलाफ दो दिनों से अभियान जारी

आदित्यपुर के नए थाना प्रभारी राजीव कुमार योगदान देने के साथ ही एक्शन में दिख रहे हैं. उन्होंने शनिवार की रात ब्राउन शुगर के विरुद्ध मुस्लिम बस्ती को खंगाला, जबकि रविवार की रात अवैध शराब धंधेबाजों के विरुद्ध अभियान चलाया है. इसमें उन्हें सफलता हाथ लगी है. रविवार की आधी रात को सपड़ा निवासी शराब माफिया शिवा मंडल के ठिकाने पर छापेमारी कर आदित्यपुर थाना की पुलिस ने एक हजार लीटर अवैध महुआ शराब और एक ट्रैक्टर जब्त किया है. इस ऑपरेशन में पुलिस ने तीन संदिग्ध लोगों को हिरासत में भी लिया है. बता दें कि जेल से छूटते ही शराब माफिया शिवा मंडल फिर से शराब चुलाई के धंधे में लिप्त हो गया है.

इसकी जानकारी जिले के एसपी को लगातार मिल रही थी. इसी सूचना पर रविवार को एसपी मुकेश कुमार लुणायत के निर्देश पर आदित्यपुर थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया और टीम ने आधी रात को सपड़ा में शिवा मंडल के ठिकाने पर छापेमारी की है. वहां से पुलिस ने अवैध महुआ शराब और ट्रैक्टर जब्त किया है. आदित्यपुर पुलिस ने करीब तीन घंटे तक छापेमारी की. पुलिस ने शराब भट्ठी को ध्वस्त कर करीब एक हजार लीटर तैयार महुआ शराब जब्त किया और हजारों किलो जावा महुआ को नष्ट कर दिया है.

हालांकि शिवा मंडल पुलिस को चकमा देकर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा. थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि किसी कीमत पर इलाके में अवैध नशे के कारोबारियों को पनपने नहीं दिया जाएगा. शिवा मंडल अभी हाल में ही जेल गया था. जेल से छूटते ही उसने फिर से अवैध शराब का कारोबार शुरू कर दिया.

### आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

## मुख्यमंत्री आज डोबो आएंगे परिसंपत्ति का होगा वितरण

### योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास व उद्घाटन करेंगे

वरीय संवाददाता । जमशेदपुर




मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 10 सितंबर को सरायकेला-खरसावां जिले के डोबो स्थित काजू मैदान में आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कोल्हान प्रमंडल के तीनों जिले की जनता को संबोधित करेंगे. इस दौरान वे लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण करेंगे. साथ ही कई योजनाओं का कार्यक्रम स्थल से ऑनलाइन शिलान्यास एवं उद्घाटन करेंगे. कार्यक्रम में आयुक्त समेत कोल्हान के तीनों जिलों के अधिकारी मौजूद रहेंगे .

तीनों जिले के प्रशासनिक अधिकारी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं.प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सीएम का हेलीकॉप्टर कार्यक्रम स्थल के समीप ही लैंड कराया जाएगा. इसके लिए मैदान के एक क्षेत्र में हेलीपैड का निर्माण कराया जा रहा है. दोपहर 12.30 बजे मुख्यमंत्री कार्यक्रम में पहुंच जाएंगे. वहीं उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा. उसके बाद वे कार्यक्रम में शामिल होंगे. ज्यादा संभावना है कि मुख्यमंत्री के साथ विभिन्न विभागों के मंत्री भी कार्यक्रम में शामिल हों. इस दौरान गांडेय से विधायक कल्पना सोरेन भी कार्यक्रम में शामिल हो सकती हैं.

पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त अनन्य मित्तल जिले की योजनाओं के शिलान्यास, उद्घाटन एवं परिसंपत्ति वितरण को लेकर लगातार बैठकें कर रहे हैं. उपायुक्त ने कड़ी धूप एवं वर्षा को देखते हुए पेयजलापूर्ति, चलंत शौचालय, मेडिकल टीम, अग्निशमन दल तथा एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कहा. वहीं जहां आवश्यक हो वहां बैरिकेडिंग तथा आवश्यक साइनेज लगाने का निर्देश दिया.



आम लोग एवं लाभुकों के बैठने के लिए विशाल हैंजर पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है. साथ ही आगंतुकों के लिए अल्पाहार, पेयजल एवं यूरिनल की व्यवस्था की गई है. कार्यक्रम में कोल्हान के मंत्री, सांसद व विधायकों के अलावे पंचायत प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है. साथ ही कोल्हान आयुक्त, डीआईजी, जमशेदपुर के एसएसपी, सरायकेला-खरसावां व पश्चिमी सिंहभूम के एसपी समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहेंगे.

मुख्यमंत्री की सभा के लिए डोबो मैदान में तैयार किया जा रहा पंडाल.

## सर्गछिड़ा काजू के जंगल में हाथी के आने से सांड्रा के ग्रामीण भयभीत

संवाददाता । बहरागोड़ा



सोमवार को बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के सांड्रा पंचायत अंतर्गत सर्गछिड़ा काजू के जंगलों में एक हाथी के आ जाने से ग्रामीण भयभीत हैं. पिछले कुछ दिनों में एक हाथी प्रखंड के मानुषमुड़िया क्षेत्र में प्रवेश किया था. उसके बाद यह हाथी बेनाशोली, मगड़ोशोल, बल्लमडीही, जुगिशोल के पास जंगलों में दिनभर डेरा जमाए रहता है. ग्रामीणों ने बताया कि वन विभाग की टीम ग्रामीणों के साथ हाथियों को आबादी से दूर रखने का दिनभर प्रयास करती रहती है, लेकिन शाम में हाथी गांव की तरफ आकर उत्पात करने लगते हैं. इसके कारण ग्रामीण हाथी भगाने के सामान के साथ रतजगा करने को विवश हैं.

## सरकार 200 यूनिट बिजली मुफ्त दे रही : समीर मोहंती

### पुरनापानी व मुटुरखाम में आपके द्वार कार्यक्रम

संवाददाता । बहरागोड़ा

बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के पुरनापानी और मुटुरखाम पंचायत भवन परिसर में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के शिविर का स्थानीय विधायक समीर कुमार मोहंती ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया. इस अवसर पर विधायक ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा प्रत्येक कंज्यूमर को दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त दे रही है.

उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं से आम लोगों को जोड़ने के लिए राज्य की लोकप्रिय हेमंत सरकार के निर्देश पर जिले के सभी प्रखंडो में पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन व्यापक स्तर पर किया जा रहा है. जिससे लोगों को योजना की सही जानकारी और उचित लाभ मिल रहा है. लोगों को योजनाओं के लिए भटकना नहीं पड़े, इसलिए पंचायत में ही शिविर लगाया जा रहा है.

आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में सभी संबंधित अधिकारियों को यह स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि शिविर में आने वाले लोगों को न सिर्फ सभी योजनाओं की जानकारी दी जाए बल्कि लोगों की समस्या और आवेदन का त्वरित गति से निष्पादन करने का प्रयास किया जाए.

इस मौके पर बहरागोड़ा अंचल अधिकारी भोला शंकर महतो, मुखिया पानसोरी हांसदा, गुरुचरण मंडी, उप मुखिया सुकुंतला बास्के, साजन बेरा, मिथुन कर, अनिल महतो, सुभाष महतो आदि उपस्थित थे.

## आदिवासी कुड़मी समाज ने की जावा उठान कर करम पर्व की शुरुआत

### स्वर्णरेखा नदी से डाला में बालू लाकर बोया बीज



वरीय संवाददाता । जमशेदपुर

आदिवासी कुड़मी समाज बिरसानगर टेल्को नगर समिति के नेतृत्व में सोमवार को करम पर्व के लिए जावा उठान किया गया. इस दौरान स्वर्णरेखा नदी के हुरलूंग घाट से डाला में बालू लाकर उसमें अलग-अलग फसलों का बीज बोया गया. समिति के प्रकाश महतो केटिआर ने बताया कि करम भाई बहन के पवित्र प्रेम का प्राकृतिक पर्व है. इसमें कुंवारी कन्याएं उपवास रहकर नदी में स्नान करने के बाद गीले कपड़े में नदी से हथेली पर बालू उठाकर जावा डाला में रखती हैं. उसके बाद नियम पूर्वक कुरथी, मूंग, बिरहि, राहर, मकई, चना, मटर, रमहा, सरसों आदि बोकर 'जावा पाता' किया जाता है. वहां से सभी कन्याएं नंगे पैर करम गीत गाते हुए नियत स्थान पर डाला को स्थापित करती हैं. भाद्र मास के शुक्ल पक्ष एकादशी तक सुबह और शाम जावा गीत गाकर बीज के अंकुरित होने की कामना करती हैं. बीज अंकुरित होने के बाद उसके फूल एवं पत्तों से भाई को रक्षा सूत्र बांधती हैं. कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाज के पूर्वी सिंहभूम जिला सह संयोजक प्रकाश महतो, संजय महतो, सक्रिय सदस्य उदित महतो व, सोनाली महतो, हर्षिता महतो, अनुप्रिया महतो, बुलु महतो, नमिता महतो, प्रिया सोलंकी, अंकिता महतो, स्वीटी महतो, कृतिका महतो, पिंकी महतो,निलम महतो, अर्पिता महतो, सोनम लोहार, अनुप्रभा महतो आदि शामिल थे.

## टाटानगर स्टेशन के आसपास अतिक्रमण हटा ओवरब्रिज सड़क की बदहाली कब होगी दूर

वरीय संवाददाता । जमशेदपुर





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जमशेदपुर आगमन से टाटानगर स्टेशन ओवरब्रिज सड़क की सूरत बदलने की आस शहरवासियों को है. रेल प्रशासन की ओर से ओवरब्रिज के इर्द-गिर्द लगने वाली सब्जी की दुकानों को हटवा दिया है. लेकिन सड़क जस की तस बदहाल है. दर्जनों गड्ढे दुर्घटना को आमंत्रित कर रहे हैं. सड़क पर बने गड्ढों की मरम्मत कब होती है सभी को इसका इंतजार है.

वहीं अभी भी कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां से गुजरने पर गंदगी एवं बदबू यात्रियों को नाक पर रूमाल रखने को विवश कर देती है.

रेल एसपी के कार्यालय के पास गंदगी का अंबार एवं सड़क की जर्जर स्थिति राहगीरों को खल रही है. वहां यूरिनल बना है. लेकिन लोग कचरे के ढेर पर लघुशंका करते हैं.

स्टेशन के समीप गंदगी फैलाने में गुलगुलिया लोगों का विशेष योगदान है. उनके द्वारा रात के अंधेरे में मल त्याग आम बात है. जिसके कारण स्टेशन के आसपास की स्थिति बदतर हो गई है.

### बारीगोड़ा व गोविंदपुर में ओवर ब्रिज की आस अधूरी



लोकसभा चुनाव से पूर्व बारीगोड़ा एवं गोविंदपुर में ओवरब्रिज निर्माण को लेकर सांसद बिद्युत बरण महतो के पहल पर पीएम मोदी ने ऑनलाईन शिलान्यास किया था . परंतु आज तक उक्त दोनों जगहों पर ओवरब्रिज निर्माण को लेकर अब तक कोई ठोस पहल धरातल पर दिखाई नहीं दी है . ऐसे में पीएम मोदी के जमशेदपुर आगमन से लोगों में ओवरब्रिज को लेकर आस जगी है . देखने वाली बात यह होगी की सांसद उपरोक्त दोनों जगहों पर ओवरब्रिज निर्माण की चिर परिचित मांग को कब तक धरातल पर उतार पाते हैं .

### कामकाज | आपके द्वार कार्यक्रम के शिविर में प्राप्त सभी आवदेनों का त्वरित निष्पादन करें : बरदियार

## लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाना अधिकारियों का दायित्व : डीडीसी

- आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर सरायकेला में समीक्षा बैठक

संवाददाता । आदित्यपुर



समीक्षा बैठक में अधिकारियों से आवेदनों की निष्पादन की जानकारी लेते उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बरदियार.

सरायकेला-खरसावां के उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बरदियार ने सोमवार को आपकी-योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर में प्राप्त आवेदनों, उनके निष्पादन तथा लंबित मामलों को लेकर जिले के पदाधिकारियों संग समीक्षा बैठक की. इस दौरान उन्होंने कहा कि विभिन्न पंचायतो में आयोजित शिविरों में अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, सर्वजन पेंशन योजना, फुलेबाई किशोरी समृद्धि योजना, राशन कार्ड, केसीसी समेत विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत प्रखंडवार प्राप्त आवेदनों एवं अब तक निष्पादित किए गए आवेदनों की समीक्षा कर उन्हें त्वरित गति से क्रमवार निष्पादित करें.

डीडीसी ने कहा कि लोगों को शिविरों तथा योजनाओं के प्रति जागरुक करें एवं योजनाबद्ध तरीके से लाभुकों को लाभ देने का प्रयास करें. समीक्षा के क्रम में उन्होंने कम डिस्पोजल वाले प्रखंडों के वरीय पदाधिकारियों से कम निष्पादन के कारण पूछे. साथ ही उन्हें कार्य योजना निर्धारित कर लंबित मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. उन्होंने सभी आवेदनों को ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करने के भी निर्देश दिए.

उप विकास आयुक्त ने कहा कि सभी अधिकारियों का यह दायित्व है कि आपके द्वार कार्यक्रम के तहत राज्य सरकार द्वारा जिन मुख्य योजनाओं को चिन्हित किया गया है, उनका शत प्रतिशत योग्य लाभुक का लाभ लें. उन्होंने कहा कि आमजन को सरकार की सभी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ मिले इसका विशेष ध्यान रखें. बैठक में निदेशक डीआरडीए अजय कुमार तिर्की, सिविल सर्जन डॉ अजय सिन्हा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सत्या ठाकुर, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी एवं अन्य सम्बन्धित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे.

## न्यूज अपडेट

### सब्जी किसानों के लिए अलग हाट की मांग



**आदित्यपुर ।** प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारी को लेकर जमशेदपुर पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलकर भाजपा नेता राकेश रमन चौधरी ने जमशेदपुर और आसपास के सब्जी किसानों के लिए जमशेदपुर में अलग सब्जी हाट की व्यवस्था करने की मांग की है. केंद्रीय मंत्री को सब्जी किसानों की हालत बताते हुए उन्हें बिचौलियों से छुटकारा दिलाने के लिए सैकड़ों सब्जी उत्पादक किसानों के लिए अलग सब्जी हाट जमशेदपुर में उपलब्ध कराने की मांग की है. केंद्रीय कृषि मंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे जल्द ही जमशेदपुर के आसपास के इलाकों में सब्जियों के भंडारण के लिए कोल्ड स्टोरेज के साथ-साथ उनके लिए एक अलग हाट बाजार की भी व्यवस्था करेंगे.

### पुलिया पर निकले सरिया से दुर्घटना की आशंका



**बहरागोड़ा ।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के खंडामौदा के समीप एनएच-49 पर रांगड़ो पुलिया में निकले सरिया से हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है . स्थानीय लोगों का कहना है कि फोरलेन निर्माण के पश्चात ढलाई उखड़ जाने से सरिया बाहर निकल आया है. जिसे किसी भी वक्त वाहनों का टायर फट सकता है और बड़ी दुर्घटना घट सकती है. यदि समय रहते इस और ध्यान नहीं दिया गया तो जानमाल का नुकसान होने में देर नहीं लगेगी. वहीं इस सड़क पर आने जाने राहगीर हर रोज गड्ढे में गिरकर घायल हो रहे हैं. लेकिन इसका सुधि लेने वाला संबंधित विभाग खामोश है. जिसे लेकर इस सड़क से आवागमन करने वाले लोग काफी नाराज हैं.

### पान तांती समाज ने सीएम को ज्ञापन सौंपा



**आदित्यपुर ।** कोल्हान प्रमंडल पान तांती समाज के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय महासचिव हरीशचंद्र भंज के नेतृत्व में अपनी जातीय आरक्षण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सारेन को ज्ञापन सौंपा है. ज्ञापन में मुख्यमंत्री से शीघ्र न्यायोचित समाधान करने की मांग की है. प्रतिनिधिमंडल में संस्थापक उमाकांत दास, जगदीश दास एवं केंद्रीय कोषाध्यक्ष राजेश दास शामिल थे. समाज के लोगों ने रविवार को दोबारा पश्चिमी सिंहभूम के गुवा में आयोजित गुवा गोलीकांड शहीद श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान भी ज्ञापन देकर अपनी समस्याओं से मुख्यमंत्री को पुनः अवगत कराया है. कार्यक्रम में गुवा इकाई अध्यक्ष शंकर दास, कैलाश दास, रविचंद्र पान, मनोहरपुर इकाई अध्यक्ष सुरेशचंद्र दास, कोषाध्यक्ष गोविंद दास, प्रखंड संरक्षक युधिष्ठिर तांती, प्रखंड सलाहकार मदन दास, खुदपोश पंचायत आदि मौजूद थे.

### खाद्यान्न का नियमित वितरण करें : बीएसओ



**घाटशिला ।** प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (बीएसओ) के रूप में महेश प्रसाद सिंह ने सोमवार को अपना योगदान दिया. योगदान के उपरांत सभी डीलरों के साथ बैठक कर वस्तुस्थिति से अवगत हुए. उन्होंने डीलरों को सख्त आदेश दिया कि खाद्यान्न का नियमित वितरण तथा उठाव करें. कोई लाभुक समय से खाद्यान्न का उठाव नहीं करते हैं तो उनसे फोन पर संपर्क कर कारण की जानकारी लेकर कार्यालय को सूचित करें. उन्होंने बताया कि इससे पूर्व वह कोडरमा में पदस्थापित थे. जितने भी लाभुक है उन्हें बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता रहेगी. इस मौके पर मुख्य रूप से सावरमल अग्रवाल, श्याम सुंदर कुंडू, अभय कुमार, जमील अख्तर, सुबल अधिकारी, शिवानी मुखर्जी, उर्मिला देवी कल्पना गोराई सहित अन्य डीलर उपस्थित थे.

### घाटशिला में मुखिया संघ की हड़ताल समाप्त



**घाटशिला ।** प्रखंड के मुखिया संघ ने अपनी हड़ताल की समाप्ति का घोषणा करते हुए प्रखंड विक ास पदाधिकारी युनिका शर्मा की अनुपस्थिति में सोमवार को प्रखंड कार्यालय के प्रधान सहायक को पत्र सौंपा. घाटशिला प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष लालमोहन सिंह ने बताया कि झारखंड राज्य मुखिया संघ के तत्वावधान में पांच सूत्री मांग को लेकर चल रही हड़ताल सरकार के आश्वासन के बाद समाप्त कर दी गई है. इसकी लिखित जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी को दी गई है. अध्यक्ष ने कहा कि हड़ताल के दौरान पंचायत के जो भी कार्य नहीं हो पाए हैं उन्हें तत्काल पूरा किया जाएगा. विकास योजनाओं पर किसी तरह का प्रभाव नहीं पड़ने देंगे. इस मौके पर धर्मपाल पंचायत के मुखिया बनाओ मुर्मू सहित अन्य शामिल थे.

### धूमधाम के साथ हुई मां षष्ठि की पूजा अर्चना



**बहरागोड़ा ।** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को मां षष्ठि की पूजा अर्चना धूमधाम के साथ की गई. पारुलिया, जंझिया, जगनाथपुर, जयपुरा, ब्रामनकुंडी, घासपदा, लालसाई, आडंग, पांचरुलिया, धाधिका समेत विभिन्न गांवों में महिलाओं ने उपवास रखकर के फल, फूल, मिष्ठान का भोग लगाकर विधि-विधान से पूजा की और अपनी संतान तथा परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की . पुजारी निनी महापात्र ,सन्तोष ठाकुर व मधुसूदन दास ने कहा कि इसमें मां दुर्गा के षष्ठि रूप की पूजा की जाती है. पुजारी के मुताबिक इस पूजा का आयोजन गणेश चतुर्थी के बाद किया जाता है. पूजा में घर के छोटे-छोटे बच्चे भी कंधे पर कांवर लेकर पूजा स्थल की परिक्रमा करते हैं.

### दुर्गा पूजा के पंडाल निर्माण का हुआ भूमि पूजन



**डुमरिया ।** साउथ ईस्टर्न रेलवे दुर्गा पूजा कमिटी के पंडाल निर्माण का भूमि पूजन सोमवार को ट्रैफिक कॉलोनी में पुजारी सत्येंद्र दुबे द्वारा वैदिक मंत्रोचारण के साथ कराया गया. कमिटी के संरक्षक महेश सिंह ने बताया कि इस बार का पूजा पंडाल भगवान जगन्नाथ के रथ की आकृति का होगा. भूमि पूजन के साथ ही पंडाल निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया. पंडाल का निर्माण पश्चिम बंगाल के कोंटाई से 25 कारीगर कर रहे हैं. उन्होंने बताया कि पंडाल निर्माण की कुल लागत आठ लाख रुपये है. कहा कि 10 दिन चलने वाली मां भगवती के पूजन में सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाता है. पंडाल पूरी तरह से सीसीटीवी कैमरा से युक्त होगा और मंदिर में विशेष रूप से कमिटी के सदस्यगण महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेवारी संभालते हैं.

### चक्रधरपुर प्रखंड के चैनपुर व चंद्री और गोइलकेरा प्रखंड के बिला पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

# ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी

## अबुआ आवास के लिए दो हजार आवेदन



चक्रधरपुर के चंद्री पंचायत में आयोजित शिविर में आवेदन जमा करने के लिए ग्रामीणों की भीड़.

**संवाददाता | चक्रधरपुर**

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को चक्रधरपुर प्रखंड की दो पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया. इसके तहत चैनपुर पंचायत के चैनपुर स्थित कोल्हान आवसीय विद्यालय परिसर तथा चंद्री पंचायत भवन में शिविर लगाया गया. चैनपुर में शिविर का उद्घाटन पंचायत के मुखिया साहेब हेम्ब्रम तथा प्रखंड कृषि पदाधिकारी दिलीप कुमार महतो ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया. वहीं चंद्री में मुखिया शुरुमणि बारला व वार्ड सदस्यों ने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया. दोनों जगहों पर शिविर में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी. शिविर में दो हजार से ज्यादा ग्रामीणों ने अबुआ आवास का फॉर्म जमा किया.

इसके अलावा बकरी शेड, गाय पालन शेड, फसल बीमा योजना, केसीसी ऋण, मुख्यमंत्री मंइयां योजना, सर्वजन पेंशन योजना का आवेदन ग्रामीणों ने दिया. चैनपुर में शिविर के दौरान पशुपालन पदाधिकारी डॉ वसीम सिद्दीकी ने ग्रामीणों को मुर्गी पालन, बकरी पालन, सुकर पालन, गाय पालन, बत्तख पालन के बारे में जानकारी दी. उन्होंने कहा कि बकरी, गाय, मुर्गी, बत्तख का पालन कर इस क्षेत्र के ग्रामीण अच्छी आमदनी कर सकते हैं. इसके लिए सरकार द्वारा सब्सिडी भी दी जा रही है. बहुत सारे किसान इसका फायदा उठाकर अच्छी आमदनी कर रहे हैं.

वहीं प्रखंड कृषि पदाधिकारी दिलीप महतो ने कहा कि किसान 15 सितंबर तक हर हाल में फसल बीमा करवा लें. 15 सितंबर फसल बीमा योजना की अंतिम तिथि है. चैनपुर में नीति महतो, पायल कुम्भकार, लक्ष्मी नापित तथा रानी महतो को मुखिया तथा सीआरपी द्वारा साइकिल प्रदान किया गया. इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर लगाकर ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवाइयां दी गईं. मौके पर चंद्री पंचायत की मुखिया शुरुमणि बारला, रवि महतो, जनसेवक केदारनाथ कायम समेत काफी संख्या में कर्मी एवं ग्रामीण मौजूद थे.

## चार माह से केरोसिन नहीं देने की शिकायत



शिविर में शिकायत करने और आवेदन जमा करने के लिए महिलाओं और पुरुषों की लगी लंबी लाइन.

**संवाददाता | गोईलकेरा**

आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को गोईलकेरा प्रखंड की बिला पंचायत के बिला गांव स्थित पंचायत भवन परिसर में शिविर लगाया गया. इस मौके पर जिला परिषद सदस्य ज्योति मेराल, प्रखंड प्रमुख निरूमनि कोड़ाह, बीस सूत्री अध्यक्ष अकबर खान, बिला पंचायत की मुखिया लुगदी केराई ने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया. शिविर में विभिन्न विभाग की ओर से स्टॉल लगाए गए थे. स्टॉल पर ग्रामीणों ने योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन फॉर्म जमा किया. इस अवसर पर अबुआ आवास, मनरेगा, पेंशन, बाल विकास परियोजना केंद्र, पशुपालन, कृषि, राशन समेत अन्य कई विभाग की ओर से लगाए गए स्टालों पर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी. वहीं मौके पर प्रखंड प्रमुख निरूमनि कोड़ाह ने राज्य व केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी. उन्होंने शिविर में पहुंचे लोगों को योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही.

इस दौरान प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अकबर खान ने कहा कि भी राज्य सरकार द्वारा पिछले साल से आयोजित किए जा रहे हैं. इस मौके पर विभिन्न विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों के अलावे पंचायत के विभिन्न गांव के ग्रामीण मौजूद थे. बिला गांव स्थित पंचायत भवन परिसर में लगाए गए शिविर के दौरान कई ग्रामीणों ने पिछले चार महीने से जन वितरण प्रणाली द्वारा केरोसिन नहीं मिलने की शिकायत पंचायत प्रतिनिधियों व अधिकारियों से की. वहां ग्रामीणों ने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्र होने के कारण अक्सर बिजली नहीं रहती है. इससे रात को सांप, बिच्छू का खतरा बना रहता है. पिछले चार महीने से सरकारी राशन दुकानदारों द्वारा केरोसिन नहीं दिया जा रहा है. जनप्रतिनिधियों को इस बारे में कई बार अवगत भी कराया गया है, लेकिन इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है. इसका खामियाजा ग्रामीणों को उठाना पड़ रहा है. ग्रामीणों ने कहा कि जल्द से जल्द इस ओर ध्यान देकर केरोसिन वितरण प्रारंभ कराया जाए.

## शिक्षक और कर्मचारी देने की मांग पर कुलपति के नाम सौंपा ज्ञापन



प्रभारी प्राचार्य को ज्ञापन सौंपता एआईडीएसओ का प्रतिनिधिमंडल.

**संवाददाता | चांडिल**

सिंहभूम कॉलेज चांडिल में विश्वविद्यालय स्तर से शिक्षक और गैर शैक्षणिक कर्मचारी देने की मांग को लेकर एआईडीएसओ ने कोल्हान विश्वविद्यालय के कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा है. सोमवार को ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स आर्गेनाइजेशन (एआईडीएसओ) सिंहभूम कॉलेज कमेटी ने सिंहभूम कॉलेज, चांडिल के प्रभारी प्राचार्य को कोल्हान विश्वविद्यालय के कुलपति के नाम मांग पत्र सौंपा. मौके पर कॉलेज कमेटी के सचिव राजा प्रमाणिक ने कहा कि वर्तमान में सिंहभूम कॉलेज में लगभग चार हजार से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं. कॉलेज में 16 विषयों में स्नातक और तीन विषयों में स्नातकोत्तर की पढ़ाई होती है. कॉलेज की शैक्षणिक स्थिति वर्तमान समय में काफी दयनीय है. कॉलेज में शिक्षकों की संख्या केवल 10 है. वहीं 10 विभागों में शिक्षकों का पद खाली है. वहीं सिर्फ दो गैर-शैक्षणिक कर्मचारी और एक नाइट गार्ड है. शिक्षकों और गैर शैक्षणिक कर्मचारीयों की घोर कमी के कारण कॉलेज में कक्षाएं नहीं हो रही हैं. छात्रों के गैर शैक्षणिक कार्य भी समय पर नहीं होते हैं. सिंहभूम कॉलेज चांडिल ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र का एकमात्र डिग्री कॉलेज है. ज्ञापन सौंपने वालों में राहुल महतो कॉलेज कमेटी उपाध्यक्ष, समीर महतो कॉलेज कमेटी कार्यालय सचिव, सदस्य प्रकाश कुमार प्रजापति, माणिक चंद्र महतो, अनिल कुमार, ज्योति कर्मकार, शशिधर सरदार, करण आदि शामिल थे.

## ब्रीफ खबरें

### गंभीर बीमारी योजना का अस्पताल में बन रहा मजाक

**चाईबासा ।** मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत सोमवार को सदर अस्पताल चाईबासा की सभा कक्ष में बैठक का आयोजन किया जाना था. लेकिन समिति के 6 सदस्यों में से मात्र एक सदस्य ही उपस्थित हो पाए. इस संबंध में जब जानकारी ली गई तो पता चला कि अस्पताल उपाधीक्षक फील्ड में हैं. सदस्यों में शामिल चिकित्सकों ने कहा कि वे आएंगे तो हम पहुंचेंगे. बैठक में मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत आज दो मरीजों के आवेदन पर विचार होना था. लेकिन कुछ लोगों की लापरवाही के कारण फैसला नहीं हो पाया.

### आवेदन देने वाली महिलाओं के खाते में समस्या : प्रमुख

**किरीबुरु ।** नोवामुंडी प्रखंड अन्तर्गत विभिन्न पंचायतों के मंईयां सम्मान योजना के 561 आवेदकों के खाते में पैसा बैंक खाता से संबंधित विभिन्न प्रकार की समस्याओं की वजह से नहीं भेजा जा रहा है. ऐसे तमाम पंचायतों के लोगों की सूची व नाम नोवामुंडी प्रखंड प्रशासन व प्रमुख पूनम गिलुवा ने जारी कर उन्हें जल्द प्रखंड कार्यालय से सम्पर्क कर संबंधित समस्याओं को दूर करवा कर सरकार की इस योजना का लाभ लेना प्रारम्भ करें.

### चोरी का बिजली उपयोग करते दो पर मामला दर्ज

**चक्रधरपुर ।** बिजली की चोरी रोकने को लेकर बिजली विभाग की ओर से सोमवार को शहर के विभिन्न मोहल्ले में छापेमारी की गई. इस दौरान चोरी कर बिजली उपयोग करने पर दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर चक्रधरपुर थाना में मामला दर्ज कराया गया. बताया जाता है कि बिजली विभाग की ओर से की गई छापेमारी के दौरान चक्रधरपुर के कैनाल रोड में दिनेश प्रसाद व रिटायर्ड कॉलोनी में ब्रह्मानंद पांडेय बिजली चोरी कर उपयोग करते हुए पाए गए. इसे लेकर बिजली विभाग द्वारा दोनों के ऊपर 16850 रुपए का जुर्माना लगाया गया.

### सहायक पुलिसकर्मियों ने मंत्री का जताया आभार

**चाईबासा ।** अपनी सेवा विस्तार करने समेत अन्य मांगों को लेकर आंदोलनरत सहायक पुलिसकर्मियों के लिए राज्य सरकार ने कुछ बिंदुओं पर अपनी सहमति दे दी है. इसके बाद नौ अगस्त को आंदोलन समाप्त हो गया. सरकार के इस फैसले से खुश सहायक पुलिसकर्मी सोमवार को मंत्री दीपक बिरुवा से मिलने सरनाडीह स्थित उनके कार्यालय पहुंचे थे. यहां सहायक पुलिसकर्मियों ने खुशी जताते हुए मंत्री का मुंह मीठा कराया और उनका आभार प्रकट किया. पुलिसकर्मियों ने कहा कि आपके सहयोग से हमारी मांगें पूरी हुई हैं.

## चाईबासा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा 28 सितंबर को



बैठक में उपस्थित न्यायिक पदाधिकारी.

**संवाददाता | चाईबासा**

झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में 28 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन स्थानीय व्यवहार न्यायालय परिसर में किया जाएगा. राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से लोग अपने सुलहनीय मामलों के निष्पादन के लिए प्राधिकार के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं.

राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार मोहम्मद शाकिर ने सोमवार को व्यवहार न्यायालय के न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठक की. . प्राधिकार के सचिव राजीव कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से लोग अपने बैंक ऋण, पेंशन, वित्तीय लेनदेन से जुड़े मामले, भूमि संबन्धित विवाद, वैवाहिक विवादों से संबन्धित, पारिवारिक न्यायालय से संबंधित मामलों को प्री लिटिगेशन मोड पर मध्यस्थता के माध्यम से निष्पादन के लिए संपर्क कर सकते हैं.

बैठक में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विनोद कुमार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजीव कुमार सिंह, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी एंजेलिना नीलम मड़की, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी (सदर) सह रजिस्ट्रार सुप्रिया रानी और प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी पूजा पांडेय उपस्थित थे.

## असम में झारखंड के आदिवासियों को अजजा का दर्जा देने की मांग

**चांडिल ।** सामाजिक संगठन ₹झारखंड नव निर्माण समिति₹ के बैनर तले पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्वा सरमा से मुलाकात करेगा. उनसे मिलकर असम में रह



रहे झारखंड के आदिवासियों को पूर्ण रूप से आदिवासी (अनुसूचित जन जाति) का दर्जा देने की मांग की जाएगी. इसकी जानकारी ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन आजसू (वृहत झारखंड) के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष ललित कुमार महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है. उन्होंने कहा कि देश के किसी भी राज्य का निवासी देश के किसी भी राज्य में जाता है तो उसका जाति और धर्म नहीं बदलता है. राज्य सरकार के अधीनस्थ ये अधिकार है कि वह किस जाति को किस श्रेणी में रखे. झारखंड से असम गए आदिवासियों पर असम सरकार सौतेला व्यवहार ना करे, उसे टी ट्राइब (चाय बागान में काम करने वाले आदिवासी) ना कहें. अब सभी ट्राइब (अनुसूचित जन जाति) कहलाएं. इस प्रस्ताव व मांग को लेकर प्रतिनिधिमंडल असम के मुख्यमंत्री से मिलेगा.

## भाजपा के कार्यकर्ता क्षेत्र की सभी बूथों को सशक्त करें : मधु कोड़ा



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा.

**संवाददाता | किरीबुरू**

मेघाहातुबुरु स्थित भाजपा कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा बूथ सशक्तिकरण कार्यक्रम में शामिल हुये. यहां सारंडा मंडल अंतर्गत किरीबुरु पश्चिम, किरीबुरु पूर्वी, मेघाहातुबुरु उत्तरी एवं मेघाहातुबुरु दक्षिणी पंचायत के सभी बूथों को भाजपा कार्यकर्ताओं के माध्यम से सशक्त करने का कार्य किया जा रहा है. इस दौरान हर बूथ पर 60 मतदाताओं के बीच एक पन्ना प्रमुख, बूथ अध्यक्ष समेत बूथों से जुड़ी तमाम कमिटी व सदस्यों का गठन किया जा रहा है. सभी बूथों से कार्यकर्ता प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम में शामिल होने जाएंगे. मधु कोड़ा ने कहा कि पूरे झारखंड में 8 एवं 9 सितंबर को भाजपा द्वारा बूथ सशक्तिकरण का कार्य हो रहा है. हालांकि किरीबुरु-मेघाहातुबुरु तथा सारंडा में लगातार वर्षा हो रही है जिस कारण यह कार्य आज पूरा नहीं हो सकता है. इसके लिये 10 सितंबर को भी करमपदा, कुमडीह आदि बूथों की कमिटी का गठन किया जाएगा. सभी बूथों से भाजपा कार्यकर्ता 15 सितंबर को जमशेदपुर में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में शामिल होने जाएंगे.

इस दौरान सारंडा मंडल अध्यक्ष मधुसुदन तुबिड, धर्मेन्द्र झा, श्याम गुप्ता, अफताब आलम, शिव कुमार गुप्ता, वीरेन्द्र मिश्रा, अरविन्द लाल, राजकुमार गुप्ता, ढेले मुंडा, दामु मुर्मू, सोमा नाग, चंदा देवी, गोपी लागुरी, कनक मिश्रा, बंटी, अमर दास, सोनाराम गोप आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे.

## न्यूज अपडेट

### वर्षा में भीग व जान जोखिम में डाल कर स्कूल जाते हैं बच्चे



**किरीबुरु ।** सारंडा के गांवों के कुछ बच्चों में शिक्षा की ललक इतनी है कि वे हर दिन भारी वर्षा, ठंड अथवा भीषण गर्मी में भी स्कूल जाते हैं. 9 सितम्बर की सुबह लगभग 8.20 बजे अपग्रेड उच्च विद्यालय प्रोस्पेक्टिंग, किरीबुरु में पढ़ने वाले कुछ बच्चे व बच्चियों को वर्षा में भीगते हुये कपड़ा के अंदर बैग छुपाकर समय से काफी पहले स्कूल जाते देखा गया. यह बच्चे जान जोखिम में डालकर स्कूल का बंद गेट फांदकर अंदर जाते दिखे. बच्चों का यह कदम काफी खतरनाक व जानलेवा साबित हो सकता है. हालांकि स्कूल खुलने का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक है, लेकिन यह बच्चे सुबह सवा आठ बजे से ही स्कूल पैदल आने लगते हैं. ऐसे दर्जनों गरीब बच्चे हैं जिनके पास जूता नहीं है.

### दो बंडल तार के साथ दो चोर धराए, पुलिस ने भेजा जेल



**किरीबुरु।** सेल के किरीबुरु टाउनशिप स्थित विद्युत सब स्टेशन का ताला तोड़ दो बंडल विद्युत तार की चोरी करने के दो आरोपी दीपक करुवा एवं शिबू करुवा (करुवा बस्ती, किरीबुरु) को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. थाना प्रभारी मुनाजीर हसन ने बताया कि सब स्टेशन से चोरी की शिकायत मिलने के बाद सीसीटीवी से चोरों की पहचान की गई. उसके बाद पुलिस ने दोनों चोरों को उनके घर पर छापेमारी कर पकडा. चोरों के घर से चोरी के दो बंडल तार भी बरामद किए गए. दोनों पांच वर्ष पूर्व भी चोरी के अलग-अलग मामले में जेल जा चुका हैं.

### गणेश चतुर्थी पर सांस्कृतिक कार्यक्रम व भंडारा का आयोजन



**किरीबुरू ।** गुवा के योग नगर में संरक्षिका महिला कमिटी सीआईएसएफ यूनिट गुवा की ओर से आयोजित गणेश चतुर्थी पर रविवार की रात सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ भंडारा का आयोजन किया गया. सांस्कृतिक कार्यक्रम के पूर्व गुवा के सीजीएम कमल भाष्कर, सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंट रोहित सहारे, संरक्षिका महिला कमिटी की महिलाओं ने संध्या महाआरती की. इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं एवं बच्चों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत, डांस प्रस्तुत किए. उसके बाद भंडारा का आयोजन किया गया.

### मांगों को लेकर झारखंड ड्राइवर महासंघ ने की बैठक



**किरीबुरु ।** झारखंड ड्राइवर महासंघ के सदस्यों ने सोमवार को विभिन्न समस्याओं व मांगों को लेकर गुवा में बैठक की. बैठक में कहा गया कि अपनी 12 मांगों में से 6 मांगों का जल्द समाधान के लिए झारखंड के परिवहन मंत्री से गुहार लगायी गयी है. झारखंड महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष गुलशन कारजी ने कहा कि मांग पत्र सौंपने के लगभग तीन महीने बाद भी उनकी मांगों पर किसी प्रकार की प्रतिक्रिया नहीं आई है. इससे ड्राइवर महासंघ में काफी रोष है. मौके पर महेश बिरुवा, जगमोहन पिंगुवा, मोहन लागुरी, राजकुमार बोसा, किशोर दास, बीरु साहु, बुधराम लागुरी एवं अन्य सदस्य मौजूद थे.

## भारतीय ग्रामीण डाक संगठन के सचिव चुने गए फाल्गुनी साहू

**संवाददाता | चाईबासा**

भारतीय ग्रामीण डाक संगठन चाईबासा का पुनर्गठन चाईबासा शाखा अध्यक्ष श्रीधर पंडा की उपस्थिति में हुआ. इसमें मुख्य अतिथि झारखंड सर्किल सचिव योगेश्वर साहू और उपसचिव काक दास उपस्थित थे. बैठक में सर्वसम्मति से दशरथ कालिंदी को अध्यक्ष, हीरेंद्र गोप एवं दोनालाल प्रजापति को उपाध्यक्ष ,फाल्गुनी साहू को सचिव, सरवन कुमार नायक एवं शरद चंद्र महतो को सहायक सचिव बनाया गया. वहीं संजीव महतो को कोषाध्यक्ष तथा महेंद्र महतो को उप कोषाध्यक्ष चुना गया. संगठन सचिव नरेश नंदा, रविंद्र गोप, सुरेंद्र पूर्ति, बसो कांडुलना, लखविंदर महतो, हरिश्चंद्र प्रधान और कुंवर नायक को चुना गया. मौके पर सचिव फाल्गुनी साहू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के डाक विभाग में जो भी समस्या आती है, उन्हें संगठन दूर करेगा. ग्रामीण क्षेत्र में कार्य करना अपने आप में एक बहुत बड़ी चुनौती है. डाक विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी ग्रामीणों को देने की जरूरत है.

## मंत्री दीपक बिरुवा ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया

**संवाददाता | चाईबासा**



मुख्य अतिथि दीपक बिरुवा के साथ दोनों टीमों के खिलाड़ी.

झींकपानी प्रखंड अंतर्गत नवागांव पंचायत के गुड़ा बुंगमांडा मैदान में एसएनपीपी एवं बीएस मार्शल गुड़ा की ओर से आयोजित तीन दिवसीय जनता कप फुटबाल प्रतियोगिता के दूसरे दिन मंत्री दीपक बिरुवा पहुंचे थे. उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फुटबॉल को किक मार कर क्वार्टर फाइनल मैच का शुभारंभ किया.

इसके बाद मैच का आनंद लेते हुए खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया. बता दें कि एसएनपीपी एवं बीएस मार्शल गुड़ा की ओर आयोजित तीन दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का फाइनल मंगलवार को होगा. मौके पर प्रखंड प्रमुख प्रदीप तमसोय, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सोगा बुड़ीउली के अलावा आयोजन समिति के विश्वनाथ गोप, गोपीनाथ गोप, रवि दास, सोना बालमुचू, भागीरथी गोप, अर्जुन दास, मोतीलाल गोप, देवेंद्र गोप, जनक किशोर गोप समेत अन्य उपस्थित थे.

**नजरअंदाज** गंगदा पंचायत के मुखिया राजू सांडिल और सारंडा पीढ़ के मानकी लागुड़ा देवगम ने मुख्यमंत्री से किया सवाल

# सारंडा को सामुदायिक वन पट्टा और परिसम्पत्तियों का लाभ क्यों नहीं दिया?

- सारंडा की खदानें राज्य सरकार को देती है राजस्व
- यह क्षेत्र विकास से है कोसों दूर, बेरोजगारी चरम पर

**संवाददाता | किरीबुरु**



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 8 सितम्बर को गुवा शहीद दिवस के अवसर पर 103 करोड़ 41 लाख 81 हजार रुपये की परिसम्पत्तियों का वितरण किया. इस वितरण में भी शहीदों की भूमि व सारंडा को लगभग पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया है. उक्त आरोप गंगदा पंचायत के मुखिया राजू सांडिल एवं सारंडा पीढ़ के मानकी लागुड़ा देवगम ने लगाया. उन्होंने कहा कि सारंडा की खदानें राज्य सरकार को भारी राजस्व देती हैं. फिर भी यह क्षेत्र विकास से कोसों दूर है. यहां बेरोजगारी चरम पर है. परिसम्पत्तियां बांटना अच्छा कार्य है, लेकिन एक विशेष क्षेत्र के लोगों को ही केन्द्रित कर सब कुछ दिया जाना और सारंडा को पूरी तरह नजरअंदाज करना, कहां तक उचित है. उन्होंने कहा कि सामुदायिक वन पट्टा भी सारंडा के बाहर के लोगों को दिया गया. क्या सारंडा का एक भी गांव सामुदायिक वन पट्टा पाने हेतु योग्य नहीं था.

ऐसे भी सारंडा के लोगों को सामुदायिक वन पट्टा नहीं, बल्कि व्यक्तिगत वन पट्टा चाहिये. सारंडा के ग्रामीण तो बिना सामुदायिक वन पट्टा के ही सारंडा जंगल का वनोत्पाद, नदी-नाला, मवेशियों को चराने आदि अनेक प्रकार का लाभ आज तक ले रहे हैं. गुवा गोलीकांड भी जल, जंगल, जमीन पर अधिकार से जुड़ी लड़ाई का गवाह है. मुख्यमंत्री ने कहा था कि हमारी सरकार बनी तो यहां के लोगों को वन पट्टा देंगे. सांसद जोबा माझी भी सारंडा, कोल्हान व पोड़ाहाट के दर्जनों गांवों के ग्रामीणों को व्यक्तिगत वन पट्टा दिलाने की बात वर्षों से करते आ रही है और लोग उन्हें इसी उम्मीद के साथ वोट देते आ रहे हैं कि अब मिल जायेगा व्यक्तिगत वन पट्टा. कब तक सारंडा के आदिवासियों व ग्रामीणों को बेवकूफ बनाया जाता रहेगा. मानकी लागुड़ा देवगम ने कहा कि विधायक सुखराम उरांव ने तो मंच से मुख्यमंत्री को याद दिलाते हुये कहा कि मानकी-मुंडाओं को मोटरसाइकिल नहीं दिया गया है, जिससे वे नाराज हैं. इस पर मुख्यमंत्री ने कुछ भी क्यों नहीं बोला. गुवा में मुख्यमंत्री ने स्कार्पियो, बोलेरो, ट्रैक्टर, विंगर, टाटा मैजिक समेत दर्जनों वाहन रोजगार सृजन योजना के तहत दिये. इसमें से सारंडा के कितने लोगों को दिया गया. मंत्री दीपक बिरुवा ने तो कुछ दिन पहले कहा था कि सेल की गुवा प्रबंधन अगर 8 सितम्बर तक सारंडा क्षेत्र के सैकड़ों बेरोजगारों को खदान में रोजगार नहीं देती है तो 8 सितम्बर को श्रद्धांजलि मंच से इस खदान का उत्पादन व माल ढुलाई अनिश्चितकालीन बंद करने की तिथि की घोषणा करेंगे. क्या बेरोजगारों को गुवा प्रबंधन रोजगार दे दी, जिस कारण मंत्री दीपक बिरुवा मंच से आर्थिक नाकेबंदी की घोषणा नहीं किया! उन्होंने कहा कि सारंडा के ग्रामीणों व बेरोजगारों को आज तक तमाम सरकारें ठगने का कार्य किया.

# शिक्षकों को ले जा रही नाव पलटी, बाल-बाल बचे शिक्षक

## बेतिया के श्रीनगर थाना क्षेत्र के पाटजीरवा घाट पर सोमवार सुबह हुआ हादसा

संवाददाता । बेतिया

बेतिया के श्रीनगर थानाक्षेत्र के पाटजीरवा घाट पर सोमवार सुबह एक बड़ी नाव दुर्घटना हो गई. सुबह 8:30 बजे के आसपास, एक नाव जिसमें 15 शिक्षक और शिक्षिकाएं सवार थे, दियारा क्षेत्र के स्कूल की ओर जा रही थी. अचानक तेज नदी की धार के कारण नाव पलट गई और सवार सभी लोग नदी में गिर गए. इस हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई, लेकिन स्थानीय लोगों की तत्परता से सभी को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया और नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया. फिलहाल सभी का इलाज चल रहा है. इस हादसे के बाद शिक्षकों में आक्रोश उत्पन्न हो गया है. शिक्षकों ने विभाग पर नाराजगी जताते हुए कहा कि इतने बड़े हादसे के बावजूद विभाग की ओर से किसी ने भी उनकी स्थिति जानने का प्रयास नहीं किया. उन्होंने आरोप लगाया कि कोई भी अधिकारी यह जांचने नहीं आया कि कितने शिक्षक डूबे और कितने सुरक्षित हैं.

शिक्षकों ने बताया कि दियारा क्षेत्र के स्कूलों में पढ़ाने के लिए यही एकमात्र साधन है, और उनकी सुरक्षा के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं की गई है. उन्होंने कहा कि यह रास्ता प्रतिदिन इस्तेमाल किया जाता है और समय पर स्कूल पहुंचने के लिए सभी शिक्षक एक ही नाव पर सवार होते हैं. शिक्षकों ने विभाग से बेहतर सुरक्षा और वैकल्पिक परिवहन व्यवस्था की मांग की है.



सभी को ग्रामीणों ने बचाया

नालंदा : शिक्षा विभाग का बड़ा फैसला

### 121 स्कूलों की मान्यता होगी रद्द

**नालंदा ।** बिहार में शिक्षा विभाग इन दिनों सख्त है. बताया जा रहा है कि नालंदा में 121 स्कूलों की मान्यता रद्द की जा सकती है. इन सभी स्कूलों ने शिक्षा विभाग के निर्देशों का पालन नहीं किया है. ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर छात्रों की एंट्री नहीं करने पर इन स्कूलों को नोटिस भेजा गया है. दरअसल, नालंदा में कुल 639 निबंधित निजी विद्यालय संचालित हैं जिसमें से 121 निजी विद्यालयों की ओर से ई-शिक्षाकोष पर एक भी छात्र की एंट्री नहीं की गई है. ऐसे में अब नोटिस के बाद संतोषजनक जवाब नहीं पाया गया तो 121 निजी विद्यालयों की मान्यता रद्द हो सकती है. डाटा एंट्री करने को लेकर सोमवार से दो दिन का वक्त दिया गया था. कहा गया है कि बच्चों की एंट्री हो जाए नहीं तो ऐसे विद्यालयों की स्वीकृति रद्द करने की अनुशंसा कर निदेशालय को चिट्ठी भेज दी जाएगी. अभी तक 35 फीसद मात्र ही बच्चों की एंट्री की गई है. ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर डाटा एंट्री करने को लेकर प्राचार्यों को गाइडलाइन का पालन करने के लिए कहा गया है.

### वंशावली बनाने आए युवक को मार डाला

**जहानाबाद ।** जहानाबाद जिले में जहां जमीन सर्वे के दौरान एक व्यक्ति की संदिग्ध मौत हो गई, जिसने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है. 55 वर्षीय अशोक सिंह, जो झारखंड के बोकारो से अपने गांव धर्मपुर आए थे, की लाश गांव में मिली. उनकी मौत से परिवार और गांव वाले सकते में हैं. मृतक के परिवार वालों का आरोप है कि अशोक सिंह की हत्या कर दी गई है. उन्हें पहले से ही धमकी मिली थी कि अगर उन्होंने वंशावली सही तरीके से नहीं बनवाई तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा. परिवार का आरोप है कि पट्टीदारों ने ही इस हत्या को अंजाम दिया है. पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. हालांकि, प्रथम दृष्टया मौत की वजह कीचड़ में गिरना प्रतीत हो रही है. लेकिन मृतक के शरीर पर कोई जख्म के निशान नहीं मिले हैं. परिवार के बयानों के आधार पर पुलिस आगे की जांच कर रही है.

### ▼ ब्रीफ खबरें

#### पटना के बेऊर जेल में पुलिस ने की छापेमारी

**पटना ।** पटना के बेऊर जेल में पुलिस ने छापेमारी की है. पुलिस छापेमारी से जेल अधिकारियों में हड़कंप मच गया. दरअसल, हाल के दिनों में कई अपराधिक घटनाओं का तार जेल में बंद अपराधियों से जुड़ रहा है. जिसको देखते हुए पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है. पुलिस जेलों में रुटीन छापेमारी कर की है. करीब तीन घंटे तक चले इस छापेमारी के दरम्यान जेल में बंद कैदियों और बंदियों में हड़कंप मच गया. यही नहीं जेल प्रशासन ने सभी हाई सिक्युरिटी वार्डों में भी तलाशी अभियान चलाया.

#### गया में पुलिस गश्ती टीम से लूटी बाइक

**गया ।** गया जिले में अपराध नियंत्रण और आम लोगों की सुरक्षा को लेकर विभिन्न थाना क्षेत्रों में डायल 112 की पुलिस टीम तैनात की गई है. चार पहिया वाहन और बाइक से डायल 112 की टीम गश्ती करती है. अब बदमाश इसी टीम को निशाना बनाने लगे हैं. बीते रविवार (08 सितंबर) की रात बाइक सवार 112 के पुलिस जवान से अज्ञात बदमाशों ने बाइक लूट ली. सरकारी पिस्टल भी लेकर फरार हो गए. हालांकि घटनास्थल से कुछ दूरी पर बाइक फेंक दी गई थी जिसे बरामद कर लिया गया है. लूटी गई पिस्टल नहीं मिली है. जवान के साथ यह घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रेलवे ओवरब्रिज के नीचे हुई है.

#### जहरीला मशरूम खाने से 14 लोग बीमार

**बांका ।** बांका जिला अंतर्गत अमरपुर प्रखंड के गालिमपुर गांव में जंगली छाता (जहरीला मशरूम) की सब्जी खाने से मासूम बच्चे समेत 14 लोगों के बीमार हो जाने का मामला सामने आया है. बीमार अर्चणा देवी, सुधा देवी, डेजी देवी, मंजु देवी, रघुनंदन मंडल, बेबी देवी, सुभाष मंडल, सत्यम कुमार, अजीत कुमार, करूणा कुमारी, कोमल कुमारी, जुली कुमारी, कोमल कुमारी, निशा कुमारी का प्राथमिक उपचार किया गया है. मामले को लेकर सुभाष मंडल ने बताया कि घर के कुछ बच्चे गांव के समीप स्थित डांढ़ के पास से जंगली छाता (मशरूम) तोड़कर घर लेकर आए.

# पटना में भाजपा नेता की गोली मार कर हत्या, पुलिस कर रही जांच

संवाददाता । पटना

पटना में सोमवार सुबह भाजपा नेता को अपराधियों ने पटना सिटी के मंगल तालाब, मनोज कमलिया गेट के पास भाजपा नेता श्याम सुंदर उर्फ मुन्ना शर्मा की गोली मार कर हत्या कर दी. अपराधियों ने को सुबह 4 बजे के आसपास घटना को अंजाम दिया. खबरों के अनुसार श्याम सुंदर मनोज कमलिया गेट के पास पहुंचे ही थे कि अपराधियों ने उन पर फायरिंग कर दी. वे वहीं गिर पड़े.

मौके पर पहुंचे पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि उन्हें सुबह छह बजे इस वारदात की सूचना मिली. परिजन श्याम सुंदर को अस्पताल ले गये थे, लेकिन तब तक उनकी मौत हो गयी थी. पुलिस के अनुसार घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी की जांच पड़ताल की जा रही है.अनुसंधान जारी है

**बाइक पर दो लड़के आये थे :** श्याम सुंदर के एक मित्र के अनुसार वे भाजपा के पटना सिटी चौक के पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष थे. बताया कि हम लोग हर दिन मंगल तालाब आकर मॉर्निंग वॉक करते हैं. सुबह हम लोग आये तो जानकारी मिली कि उनकी हत्या कर दी गयी है. उन्होंने कहा कि हमने यहां लगे कैमरे का वीडियो निकालकर देखा. इससे यह सामने आयी कि श्याम सुंदर मंदिर में दर्शन कर बाहर निकले और किसी से बात कर रहे थे. इसी दौरान बाइक पर दो लड़के आये और गले से चेन छीनने की कोशिश की. इसी के साथ सिर में गोली मारकर फरार हो गये.

#### लूटपाट की नीयत से हत्या की गयी या फिर किसी ने कोई साजिश रची

पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या लूटपाट की नीयत से हत्या की गयी या फिर किसी ने कोई साजिश रची है. यह बात भी सामने आ रही है कि मृतक श्याम सुंदर के गले में चेन पड़ी हुई थी. सिर में गोली मारने वाले चेन नहीं ले गये. जानकारी के अनुसार रविवार रात श्याम सुंदर के बेटे का एक मैरिज हॉल में छेका था. इसमें कई रिश्तेदार शामिल हुए थे. कुछ रिश्तेदारों को सुबह निकलना था. इसलिए सोमवार सुबह श्याम सुंदर ऑटो के लिए मंगल तालाब के पास आये थे. इस बीच अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया.

### जमीन विवाद में युवक को मारी गोली, मौत

**सीवान ।** जिले के गोपालपुर में एक व्यक्ति की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई. मृतक तकी इमाम उर्फ लल्लू को सोमवार सुबह उनके घर से फोन करके बाजार में बुलाया गया. जब वह बाजार पहुंचे तो अपराधियों ने उनके सिर में गोली मारकर हत्या कर दी. घटना के बाद बाजार में भगदड़ मच गई और घायल को सीवान सदर अस्पताल लाया गया. जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. इसके बाद परिजनों की चीख-पुकार सुनकर इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया. हत्या के कारणों के बारे में पता चला है कि तकी इमाम उर्फ लल्लू का विवाद एक करोड़ रुपये की पूर्वजों की जमीन को लेकर चल रहा था. उनकी बेटी ने बताया कि एक दिन पहले ही उन्हें उस जमीन का असली दस्तावेज मिला था, जो उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण था.



## जमीन विवाद में दो को मारी गोली, एक की मौत

### घटना जिले के सहार थाना के पेरहाप गांव की है, जांच शुरू

संवाददाता । आरा

आरा में जमीन विवाद को लेकर सोमवार की सुबह दो भाइयों को बदमाशों ने गोली मार दी. घटना में एक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है. घटना जिले के सहार थाना के पेरहाप गांव की है. मृतक की पहचान पेरहाप गांव निवासी कमलेश राय (50 वर्ष) के रूप में की गई है. वहीं उनके भाई मनोरंजन राय (35 वर्ष) घायल हैं. इसी साल 15 अप्रैल को मृतक कमलेश राय के 24 वर्षीय बेटे आदित्य की भी गोली मारकर हत्या की गई थी. उस वक्त कमलेश राय को भी दो गोली लगी थी, लेकिन वह बच गए थे. बेटे को चार गोली लगी थी. करीब छह महीने में परिवार में यह दूसरी हत्या है. इस घटना के बाद हड़कंप मच गया है. इस घटना के बाद स्थानीय ग्रामीण एवं मृतक के परिजन पेरहाप मोड़ के पास शव को सड़क पर रखकर हंगामा करने लगे. हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे. हालांकि पुलिस ने मामले को समझाकर शांत कराया.

**कमलेश को लेकर आरा जा रहे थे :** जख्मी मनोरंजन राय ने बताया कि कमलेश को लेकर आरा जा रहे थे. इसी बीच राजदेव नगर गांव में प्रियांशु और उसके साथी ने छिप कर गोली मार दी. उन्होंने बताया कि जिन लोगों ने कमलेश राय के बेटे (आदित्य) की हत्या की थी उन्हीं लोगों ने फायरिंग की है. पिछली बार कुछ लोगों की गिरफ्तारी हुई थी, लेकिन अभी भी कुछ लोग फरार हैं.

इस मामले में भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि पीरो अनुमंडल अंतर्गत सहार थाना के पेरहाप गांव में चचेरे भतीजे और चचेरे चाचा के बीच संपत्ति का विवाद है जो पहले से चल रहा है.

### छपरा में मरीज की मौत के बाद फर्जी डॉक्टर गिरफ्तार

**छपरा ।** छपरा में यूट्यूब देखकर ऑपरेशन करने वाला फर्जी डॉक्टर अजीत कुमार को गिरफ्तार हो गया है. मृतक के शव को पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया था. परिजनों ने उसका दाह संस्कार कर दिया. दरअसल मढ़ौरा थाना के भुआलपुर निवासी चंदन साह का 15 वर्षीय पुत्र कृष्ण कुमार उर्फ गोलू कुमार को शरीर में पथरी की शिकायत हुई. इसके बाद वो ऑपरेशन के लिए गरखा थाना के मोतीराजपुर बाजार स्थित गणपति सेवा सदन के फर्जी डॉक्टर अजीत कुमार पूरी के पास पहुंचा, जहां ऑपरेशन के दौरान उसकी स्थिति काफी बिगड़ गई, जिस पर आनन-फानन में पटना ले जाया जा रहा था इसी क्रम में रास्ते में ही उसकी मौत हो गई.

### अस्थि विसर्जन कर लौट रहे दो युवकों की सड़क हादसे में मौत

**बेगूसराय ।** जिले के साहेबपुर कमाल थानाक्षेत्र में सोमवार को हीरा टोल जीरो माइल श्री कृष्णा सेतु के पास हुई, जब एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने दो मोटरसाइकिलों को कुचल दिया. दोनों युवक मुंगेर घाट पर किसी परिजन का अस्थि विसर्जन करने के लिए जा रहे थे. मृतकों की पहचान मधेपुरा के पन्नालाल शर्मा और राहुल शर्मा के रूप में की गई है. पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है.

## कारोबार

# गोल्ड ईटीएफ में बढ़ा निवेश, लगातार चौथे महीने 29 टन अतिरिक्त हुआ निवेश

### वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की रिपोर्ट के अनुसार नॉर्थ अमेरिका और यूरोप में निवेश बढ़ा



एजेंसी । नई दिल्ली

अगस्त के महीने में गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में एक बार फिर तेजी दर्ज की गई है. इस दौरान गोल्ड ईटीएफ में 29 टन का अतिरिक्त निवेश हुआ है. इस अतिरिक्त निवेश की वजह से अगस्त के महीने में गोल्ड ईटीएफ की होल्डिंग बढ़ कर 3,182 टन हो गई है. ये लगातार चौथा महीना है, जब निवेशकों ने गोल्ड ईटीएफ में अपना निवेश बढ़ाया है.

वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की रिपोर्ट के अनुसार नॉर्थ अमेरिका और यूरोप में गोल्ड ईटीएफ में निवेश सबसे अधिक बढ़ा है. इसमें निवेश बढ़ने की वजह से इंटरनेशनल गोल्ड मार्केट में भी सोने की कीमत में तेजी आई है. सोना लगातार तीसरे हफ्ते 2,500 डॉलर प्रति ऑन्स के स्तर के ऊपर कारोबार कर रहा है. इंटरनेशनल गोल्ड मार्केट में सोने के भाव में तेजी आने की वजह से देश के सर्राफा बाजारों में भी सोना 73 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के करीब पहुंच कर कारोबार कर रहा है.

सोने की तरह ही चांदी में भी लगातार तेजी बनी हुई है. पिछले सप्ताह चांदी 29 डॉलर के स्तर को पार कर गया. चांदी के भाव में आई तेजी के कारण मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर भी सोने के भाव में तेजी बनी हुई है. पिछले हफ्ते एमसीएक्स पर चांदी का भाव करीब 4 प्रतिशत तक चढ़ गया.

बुलियन मार्केट एक्सपर्ट मयंक मोहन के मुताबिक गोल्ड ईटीएफ में लगातार निवेश बढ़ने के पीछे एक बड़ी वजह डॉलर इंडेक्स में आई गिरावट भी है. गिरते डॉलर के कारण भी सोने को सपोर्ट मिल रहा है. इसके साथ ही मिडिल ईस्ट में जारी तनाव और यूक्रेन-रूस जंग की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की मांग में तेजी आई है. इसी तरह सोलर इंडस्ट्री और इलेक्ट्रॉनिक इंडस्ट्री के कारोबार में तेजी आने की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी की मांग में भी बढ़ोतरी हुई है. इस वजह से गोल्ड ईटीएफ के प्रति दुनिया भर के निवेशकों का रुझान बढ़ा है.

मयंक मोहन के मुताबिक अगले सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों को लेकर फैसला करने वाला है. ब्याज दरों के संबंध में फैसला आने के बाद इंटरनेशनल गोल्ड मार्केट की चाल में भी बदलाव आ सकता है, जिसका असर गोल्ड ईटीएफ में होने वाले निवेश पर भी पड़ेगा.

#### पीएफसी, कॉनकॉर और राइट्स ने 712 करोड़ सरकार को दिए

**नई दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र की पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (पीएफसी), कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (कॉनकॉर) और राइट्स लिमिटेड ने लाभांश किश्त के रूप में करीब 172 करोड़ रुपये दिए हैं. इन कंपनियों में पीएफसी ने करीब 601 करोड़ रुपये, कॉनकॉर ने 68 करोड़ रुपये और राइट्स लिमिटेड ने 43 करोड़ रुपये का भुगतान किया है. वित्त मंत्रालय के निवेश और लोकसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव ने सोमवार को एक्स पोस्ट पर जारी बयान में कहा कि सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (पीएफसी), कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (कॉनकॉर) तथा राइट्स लिमिटेड से लाभांश किश्त के रूप में क्रमशः लगभग 601 करोड़ रुपये, 68 करोड़ रुपये और 43 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं.. इस तरह कुल मिलाकर सरकार को लाभांश किश्तों के रूप में करीब 172 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं.

#### सोना हो गया सस्ता, चांदी के भी घट गए दाम

**मुंबई ।** कारोबारी सप्ताह की शुरुआत के साथ ही सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिल रही है. वायदा बाजार में 9 सितंबर को सोना 150 रुपये के करीब सस्ता हुआ है. चांदी की कीमतों में भी कमी देखी जा रही है और यह कल के मुकाबले करीब 100 रुपये सस्ती हो गई है. अगर आप सोना खरीदने का प्लान बना रहे हैं तो हम आपको 24 कैरेट-22 कैरेट सोने की कीमतों के बारे में जानकारी दे रहे हैं. घरेलू बाजार में सोना की कीमतों में गिरावट देखने को मिल रही है. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोना शुक्रवार के मुकाबले 172 रुपये तक सस्ती होकर 71,254 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है. शुक्रवार को सोना वायदा बाजार में 71,426 रुपये पर बंद हुआ था. सोने के अलावा सोमवार को चांदी की कीमतों में भी कमी देखी जा रही है.

कंपनी ने बयान जारी कर दी जानकारी

### अडानी ग्रीन ने 75 करोड़ डॉलर के बॉन्ड भुनाए

एजेंसी । नयी दिल्ली

अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने अपने 75 करोड़ अमेरिकी डॉलर के बॉन्ड को भुनाने की प्रक्रिया पूरी कर ली है. कंपनी ने एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी. एजीईएल ने अपने 75 करोड़ अमेरिकी डॉलर के बॉन्ड को जल्द भुनाने की योजना की जनवरी में घोषणा की थी. ये बॉन्ड सितंबर में परिपक्व हो रहे थे. एजीईएल उद्योगपति गौतम अदाणी के समूह की अक्षय ऊर्जा कंपनी है. कंपनी ने बयान में बताया कि उसने आठ सितंबर 2024 को देय सभी बकाया 75 करोड़ अमेरिकी डॉलर के 4.375 प्रतिशत होल्डको 'नोट्स'को भुना लिया है. यह वित्तपोषण कंपनी के प्रवर्तकों को 9,350 करोड़ रुपये (1.12 अरब डॉलर) के तरजीही आवंटन के तहत धनराशि प्राप्त होने के साथ पूरा हुआ. इसके अलावा, एजीईएल के प्रवर्तकों ने दिसंबर 2023 में 9,350 करोड़ रुपये की राशि के तरजीही वारंट की सदस्यता लेने पर सहमति व्यक्त की थी. जिसमें से 7,013 करोड़ रुपये (83.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर के समतुल्य) एजीईएल के पास किसी भी त्वरित पूंजीगत व्यय आवश्यकताओं पर खर्च करने के लिए उपलब्ध होंगे. एजीईएल के पास वर्तमान में 11.2 गीगावाट का अक्षय ऊर्जा खंड है. यह भारत में सबसे बड़ा है और 12 राज्यों में फैला हुआ है.

इस सप्ताह 13 आईपीओ में निवेश करने का मौका

### आठ कंपनियों के शेयर एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे

**नयी दिल्ली ।** लंबे समय बाद एक बार फिर प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गमों (आईपीओ) की बाढ़ आ रही है. इस हफ्ते 13 आईपीओ आ रहे हैं. इसमें से चार मेनबोर्ड पर और बाकी छोटे एवं मझोले (एसएमई) प्लेटफॉर्म पर आएंगे. सभी कंपनियां कुल मिलाकर 8,644 करोड़ रुपये जुटाएंगी. आठ कंपनियों के शेयर एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे. अगस्त में कुल 17,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम जुटाई गई है. मई, 2022 के बाद का किसी एक माह में रिकॉर्ड है. इस समय आईपीओ में निवेश पर अच्छा खासा फायदा मिल रहा है. मुख्य बोर्ड पर लिस्ट होने वाली कंपनियों के आईपीओ में खुदरा निवेशकों को कम-से-कम 15,000 रुपये निवेश करना होता है.

#### बजाज ग्रुप का एक और आईपीओ खुल गया

**नयी दिल्ली ।** बजाज हाउसिंग फाइनेंस का लंबे समय से इंतजार कर रहे लोगों के लिए अच्छी खबर है. सोमवार से बजाज हाउसिंग फाइनेंस का आईपीओ खुल गया है और इसको लेकर काफी समय से बज़ बना हुआ है. बजाज हाउसिंग फाइनेंस के इस आईपीओ के जरिए 6560 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है. बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड आईपीओ सोमवार से खुलकर 11 सितंबर तक खुलेगा. बजाज हाउसिंग फाइनेंस के आईपीओ के लिए 50 फीसदी कोटा संस्थागत निवेशकों के लिए रखा गया है.

#### चीन में हुई अडानी ग्रुप की एंट्री

**नयी दिल्ली ।** गौतम अडानी के नेतृत्व वाला अडानी ग्रुप चीन भी पहुंच गया है. अडानी ग्रुप ने इस पड़ोसी देश में अपना कारोबार फैलाने के लिए एक सब्सिडियरी कंपनी का रजिस्ट्रेशन वहां करवाया है. इसके साथ ही अब चीन में भी अडानी ग्रुप अपनी जड़ें फैलाना शुरू करेगा. अडानी इंटरप्राइजेज की सब्सिडियरी अडानी ग्लोबल पीटीई, सिंगापुर के जरिए यह काम किया गया है. एक रेगुलेटरी फाइलिंग के अनुसार, अडानी ग्रुप ने चीन में सप्लाई चेन सोल्यूशंस और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट के जरिए अपना काम शुरू करने का प्लान बनाया है.

#### भारत-जापान वित्तीय सहयोग बढ़ाएगा

**नई दिल्ली ।** भारत और जापान ने वित्तीय सहयोग को बढ़ावा देने और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए चर्चा जारी रखने पर सहमति जताई है. वित्त मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी है. वित्त मंत्रालय ने कहा कि भारत-जापान वित्तीय सहयोग को और बढ़ावा देने तथा द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए चर्चा जारी रखने पर सहमत हुए है. दोनों देशों के बीच ये सहमति 6 सितंबर, 2024 को टोक्यो में आयोजित दूसरा भारत और जापान वित्त संवाद के दौरान बनी. सचिव अजय सेठ ने किया, जबकि जापानी पक्ष की अगुवाई जापान के अंतरराष्ट्रीय मामलों के वित्त उप-मंत्री अत्सुशी मिमुरा ने की.

रिपोर्ट के अनुसार 75 लाख से ज्यादा की प्रॉपर्टी के लिए डेढ़ गुना बढ़ गए लोन

# अब लोगों को ज्यादा पसंद आ रहे महंगे घर

एजेंसी । मुंबई

प्रीमियम व लग्जरी सेगमेंट में घरों की बिक्री लगातार बढ़ रही है. हालिया सालों में घर खरीदने के ट्रेंड में यह बदलाव साफ दिख रहा है. अब एक रिपोर्ट में होम लोन के आंकड़े इस बात की पुष्टि कर रहे हैं. होम लोन के आंकड़े बता रहे हैं कि अब लोग महंगे घरों को ज्यादा पसंद कर रहे हैं. टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, बीते 4 सालों के दौरान कुल होम लोन में 75 लाख रुपये से महंगे घरों के लिए लोन की हिस्सेदारी डेढ़ गुना बढ़ी है. मार्च 2020 में कुल होम लोन में ऐसे महंगे घरों के होम लोन की हिस्सेदारी सिर्फ 19 फीसदी पर थी. मार्च 2024 में उनकी हिस्सेदारी टोटल होम लोन में बढ़कर 31.4 फीसदी पर पहुंच गई.

**साल दर साल इस तरह बढ़ी हिस्सेदारी :** रिपोर्ट के अनुसार, 75 लाख रुपये से ऊपर के मकानों का हिस्सा साल दर साल बढ़ता गया है. वित्त वर्ष 2019-20 में उनकी हिस्सेदारी जहां सिर्फ 19 फीसदी पर थी, उनका हिस्सा बढ़कर वित्त वर्ष 2020-21 में 20.6 फीसदी पर पहुंच गया. वित्त वर्ष 2021-22 में ऐसे घरों का शेयर और बढ़कर 24 फीसदी पर और वित्त वर्ष 2022-23 में 27.3 फीसदी पर पहुंच गया. नाइट फ्रैंक के हवाले से रिपोर्ट में बताया गया है कि अगर 1 करोड़ रुपये से ऊपर की कैटेगरी को देखें तो यह घरों की कुल बिक्री में 41 फीसदी से ज्यादा योगदान दे रहा है. नाइट फ्रैंक का मानना है कि बाजार में अब स्थिरता का साफ पत चल रहा है, क्योंकि होम लोन के आवेदनों की संख्या लगातार बढ़ रही है. आंकड़े बताते हैं कि यह ट्रेंड टेंपोररी नहीं है, बल्कि टिकाऊ लग रहा है.

**महंगे घरों के लोन में प्राइवेट बैंक आगे :** रिपोर्ट में बताया गया है कि जहां 75 लाख रुपये से नीचे के होम लोन की कैटेगरी में सरकारी बैंकों का दबदबा है, वहीं 75 लाख रुपये से ऊपर की कैटेगरी में प्राइवेट बैंक आगे हैं. वहीं 35 लाख रुपये से भी कम की श्रेणी में हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों की अच्छी-खासी हिस्सेदारी है. यह बात सीआरआईएफ के एक रिपोर्ट के हवाले से बताई गई है.



शेयर बाजार में चार दिनों की गिरावट पर ब्रेक

### सेंसेक्स 375 अंक चढ़ा, निफ्टी 24950 के पार, बैंकिंग मजबूत

एजेंसी । मुंबई

भारतीय मुख्य इक्विटी सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी 50 सोमवार को बैंकिंग और उपभोक्ता शेयरों में मजबूती के कारण बढ़त के साथ बंद हुए. पिछले सप्ताह के रोजगार के आंकड़ों के बाद अमेरिकी अर्थव्यवस्था को लेकर चिंता बनी हुई थी. श्रम बाजार में निरंतर मंदी का संकेत मिल रहे थे. सोमवार को बीएसई बेंचमार्क सेंसेक्स 375 अंक या 0.46% बढ़कर 81,559 पर बंद हुआ, जबकि व्यापक व्यापक बाजार एनएसई निफ्टी 84 अंक या 0.34% बढ़कर 24,936 पर बंद हुआ. एचयूएल, आईसीआईसीआई बैंक, आईटीसी, कोटक बैंक, इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक और नेस्ले इंडिया सेंसेक्स पर सबसे ज्यादा लाभ वाले शेयर रहे, इनमें 0.5% से लेकर 3% तक की बढ़त दर्ज की गई. दूसरी ओर, टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स और पावर ग्रिड लाल निशान में बंद हुए. क्षेत्रीय मोर्चे पर, निफ्टी एफएमसीजी में 2% से अधिक की वृद्धि दिखी. गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स , डाबर और यूबीएल में बढ़त दर्ज की गई. निफ्टी बैंक में 1% से अधिक की वृद्धि आई. एकल शेयरों में, बजट एयरलाइन स्पाइसजेट की ओर से लगभग 137.6 मिलियन डॉलर के विमानपट्टा दायित्वों के पुनर्गठन के लिए इसके शेयर 4% से ज्यादा मजबूत होकर बंद हुए.

## न्यूज अपडेट

### स्कूल वाहन पलटा, दो बच्चों की मौत

**फलोदी।** राजस्थान के फलोदी जिले में सोमवार सुबह बड़ा सड़क हादसा हो गया. स्कूल कैंपर पलटने से 2 बच्चों की मौत हो गई और करीब 9 बच्चे घायल हो गए. घायल बच्चों को राजकीय जिला अस्पताल फलोदी में भर्ती कराया गया है. बताया जा रहा है कि सभी बच्चे कैंपर में सवार होकर मरुस्थल पब्लिक स्कूल में पढ़ने जा रहे थे. वाहन का संचालन स्कूल करता था. सीएमएचओ अपनी मेडिकल टीम के साथ घायल बच्चों का इलाज कर रहे हैं. दो बच्चों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें जोधपुर रेफर किया गया है.

### इसराइल का सीरिया पर हमला, 16 मरे

**नयी दिल्ली।** इसराइल ने सीरिया के कई सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं. सीरिया की सरकारी न्यूज़ एजेंसी सना के अनुसार इसमें 16 लोगों की जान गई है. सीरिया की सरकारी न्यूज़ एजेंसी सना ने स्वास्थ्य अधिकारी का हवाला देते हुए रिपोर्ट में बताया कि 36 लोग घायल हुए हैं. इसमें से छह गंभीर रूप से घायल हुए हैं. वहीं इसराइली सेना ने कहा है कि वो विदेशी मीडिया की रिपोर्ट पर कोई टिप्पणी नहीं करेगी. सीरिया के विदेश मंत्रालय ने हमले की निंदा की है. ईरान ने इसे आपराधिक हमला करार दिया है.

### दीवाली में गिर जाएगी कर्नाटक सरकार

**हुबली।** कर्नाटक भाजपा के नेता सीटी रवि ने कहा है कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन का 'टाइम फिक्स' हो गया है. उनके मुताबिक आगामी दीवाली तक सिद्दारमैया सरकार की विदाई तय है. उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मैं आपको एक बात बता देना चाहता हूं कि दीपावली में प्रदेश की कांग्रेस सरकार धड़ाम से गिर जाएगी. सरकार गिरने का टाइम बॉम्ब फिक्स हो गया है. अगली सरकार का मुख्यमंत्री समय आने पर निर्धारित होगा, लेकिन कांग्रेस ने सिद्दारमैया के इस्तीफे के लिए डेडलाइन निर्धारित कर दी है.

### गाजा से इजरायल में दागे गए दो रॉकेट

**यरूशलेम।** इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में कहा कि गाजा पट्टी से आतंकवादियों ने रविवार रात दक्षिणी इजरायली शहर अश्कलोन पर दो रॉकेट दागे. आईडीएफ ने कहा, "उत्तरी गाजा से इजरायली क्षेत्र में घुसते हुए दो मिसाइलों की पहचान हो पाई. एक मिसाइल को इंटरसेप्ट कर दिया गया, जबकि दूसरा अश्कलोन के तट से समुद्र में गिर गया. रॉकेट के शहर में प्रवेश के साथ ही चेतावनी सायरन बजने लगे थे. इस हमले में किसी के घायल होने या किसी भी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है."

### ईरान के राष्ट्रपति मसूद जाएंगे इराक

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान बुधवार को तेहरान से इराक की राजधानी बगदाद के लिए रवाना होंगे. यह जुलाई के अंत में पदभार संभालने के बाद उनकी पहली विदेश यात्रा होगी. शिन्हुआ ने बताया कि पेजेशकियान इस दौरान इराक के उच्च स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे. संभावना है कि दोनों देशों के बीच कई अहम समझौते हो सकते हैं. इराक में ईरानी राजदूत, ने आईआरएनए को बताया कि यह यात्रा इराकी प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी के निमंत्रण पर है और पेजेशकियान एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे.

### राम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आईसीयू में

**लखनऊ।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास (86) को लखनऊ के मेदांता अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है. अस्पताल ने सोमवार को एक मेडिकल बुलेटिन जारी कर बताया कि उनकी हालत गंभीर है और डॉक्टरों की एक टीम लगातार उनकी निगरानी कर रही है. इससे पहले महंत नृत्य गोपाल दास का मूत्र संबंधी समस्याओं के चलते ग्वालियर में इलाज कराया गया था. आध्यात्मिक नेता कृष्ण जन्माष्टमी समारोह में भाग लेने के लिए 24 अगस्त को मथुरा गए थे.

### पंजाब में 2,500 डॉक्टर हड़ताल पर गए

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी शासित राज्य पंजाब में 2,500 चिकित्सकों के हड़ताल पर जाने से ओपीडी सेवाएं प्रभावित हुई हैं. हड़ताल पर बैठे डॉक्टर "सुनिश्चित करियर प्रगति योजना" की मांग कर रहे हैं. हालांकि, आपातकालीन और गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) के कर्मचारी हड़ताल में शामिल नहीं हैं. सरकार के साथ बातचीत नहीं बनने के बाद पंजाब सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन (पीसीएमएसए) ने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का फैसला किया.

### कतर, यमन के बीच सहयोग पर चर्चा

**दोहा।** कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी ने यमन के प्रधानमंत्री अहमद अवद बिन मुबारक के साथ बैठक की. बैठक के दौरान यमन की ताजा स्थिति पर चर्चा हुई. साथ ही द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने का संकल्प लिया. कतर के विदेश मंत्रालय ने कहा, 'रविवार को हुई वार्ता के दौरान कतर पीएम अल थानी (जो विदेश मंत्री भी हैं) और अहमद अवद बिन मुबारक ने द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने पर चर्चा की.

### यूके में दिसंबर में होंगे पंचायत चुनाव

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार निकाय और पंचायत चुनाव दोनों की तैयारियों में पूरी तरह जुटी हुई है. सरकार ने ग्राम पंचायत में परिसीमन की पूरी तैयारी कर ली है. सभी 13 जिलों में परिसीमन का काम पूरा हो चुका है. पंचायती राज के सचिव चंद्रेश कुमार यादव ने जानकारी दी. कहा कि 2024 में होने वाले चुनावों के लिए ग्राम पंचायतों के परिसीमन और पुनर्गठन की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है. इस बार कुल 50 नई ग्राम पंचायतें बनाई गई हैं और 13 ग्राम पंचायतें निरस्त की गई हैं. कुल 37 ग्राम पंचायत अस्तित्व में आई हैं.

**त्रासदी :** उत्तरी फू थो प्रांत में एक स्टील पुल ढहा, 10 गाड़ियां और दो बाइकें रेड नदी में गिरीं, 13 लोग लापता

# वियतनाम में तूफान 'यागी' का कहर, 59 लोगों की मौत; कई लापता

**एजेंसी। हनोई**

वियतनाम में तूफान ''यागी'' और इसके कारण आये बाढ़ और भूस्खलन से काफी तबाही हुई है. कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार, आपदा की चपेट में आने से देश के उत्तरी क्षेत्र में 59 लोगों की मौत हो गई और कई लोग लापता हैं. समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने वियतनाम की एक समाचार एजेंसी के हवाले से बताया कि प्राकृतिक आपदाओं के कारण 247 लोग घायल हुए हैं. इनमें से 157 क्वांग मिन्ह प्रांत से और 40 लोग हाई फोंग शहर से हैं. आपदा में 25 मानव रहित नौकाएं और जहाज डूब गए, जिनमें से ज्यादातर मछली पकड़ने वाली नावें थीं. इस आपदा से 1,13,000 हेक्टेयर चावल के खेत और 22,000 हेक्टेयर से अधिक अन्य फसलों के खेतों को नुकसान पहुंचा.

### 1,90,000 पक्षी मारे गए और 1,21,700 पेड़ क्षतिग्रस्त हो गए

इसके अलावा 1,90,000 पक्षी मारे गए और लगभग 1,21,700 पेड़ क्षतिग्रस्त हो गए. वियतनाम के उत्तरी फू थो प्रांत में सोमवार सुबह एक स्टील पुल ढह गया, जिसके कारण 10 गाड़ियां और दो मोटरसाइकिलें रेड नदी में गिर गईं तथा 13 लोग लापता हो गए. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, काओ बांग प्रांत में भूस्खलन के कारण 21 लोगों की मौत हो गई और कई लापता हो गए. वहीं, लाओ कै प्रांत में 15 लोगों की मौत हो गई. मंत्रालय के अनुसार, टाइफून यागी पिछले 30 साल में उत्तरी वियतनाम में आया सबसे भयंकर तूफान था. यागी का जापानी में अर्थ बकरी या मकर राशि होता है. यह चीन सागर में आये चार श्रेणी 5 सुपर टाइफून में से एक है. यागी की उत्पत्ति 30 अगस्त को बने कम दबाव वाले क्षेत्र में हुई थी, जो लगभग 540 किलोमीटर की दूरी पर था. इस सिस्टम को 1 सितंबर को उष्णकटिबंधीय तूफान के रूप में वर्गीकृत किया गया और जापान मौसम विज्ञान एजेंसी द्वारा यागी नाम दिया गया.



### नाइजीरिया : पेट्रोल टैंकर में विस्फोट, 48 की मौत

**अबुजा।** नाइजीरिया के नाइजर में हाईवे पर पेट्रोल से भरे एक टैंकर में विस्फोट हो गया. विस्फोट में 48 लोगों की मौत हो गई. यह जानकारी स्थानीय अधिकारियों ने दी. राज्य आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के प्रमुख अब्दुल्ला बाबा-आराह ने रविवार को राज्य की राजधानी मिन्ना में संवाददाताओं को बताया कि पेट्रोल से भरे टैंकर की बीदा-अगाई-लापई राजमार्ग पर मवेशियों से लदे एक ट्रक से आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसके कारण गैसोलीन टैंकर में विस्फोट हो गया. बाबा-आराह ने बताया कि आग की चपेट में दो अन्य वाहन भी आ गए. जिससे 48 लोगों की मौत हो गई.

**नेता प्रतिपक्ष** ने कहा-भारतीय राजनीति में प्रेम, सम्मान व विनम्रता का अभाव

# राहुल गांधी ने अमेरिका में आरएसएस-भाजपा को घेरा

**एजेंसी। डलास (टेक्सास)**

नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद पहले अमेरिकी दौरे पर पहुंचे कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने टेक्सास में भारतीय-अमेरिकी समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय राजनीति में प्रेम, सम्मान और विनम्रता का अभाव है और उन्होंने यह मानने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की भी आलोचना की कि भारत 'एक विचार' है. राहुल गांधी ने भारत में उत्पादन पर ध्यान केंद्रित किए जाने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा है कि वैश्विक उत्पादन में चीन का प्रभुत्व है इसलिए वह बेरोजगारी का सामना नहीं कर रहा है जबकि भारत और अमेरिका समेत पश्चिमी देश बेरोजगारी की समस्या से जूझ रहे हैं. राहुल गांधी ने टेक्सास में भारतीय समयानुसार नौ सितंबर की सुबह दो कार्यक्रमों में शिरकत की. राहुल ने भारतीय समुदाय के लोगों से भी मुलाक़ात की और यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास के एक कार्यक्रम में अपनी बातें रखीं. इस दौरान राहुल गांधी बीजेपी और आरएसएस पर हमलावर रहे.

**पित्रोदा ने कहा, राहुल गांधी बहुत पढ़े-लिखे और समझदार शख्स:** वहीं इंडियन ओवरसीज़ कांग्रेस के चेयरपर्सन सैम पित्रोदा ने बीते सप्ताह कहा था कि विपक्ष के नेता अमेरिका किसी आधिकारिक हैसियत से नहीं बल्कि 'व्यक्तिगत तौर' पर आ रहे हैं. राहुल गांधी ने कहा है, 'चुनाव के नतीजे आने के कुछ मिनट के अंदर ही लोगों के मन से बीजेपी और भारत के प्रधानमंत्री मोदी का डर समाप्त हो गया.' उन्होंने कहा कि राहुल गांधी बहुत पढ़े-लिखे और समझदार शख्स हैं. राहुल गांधी का एजेंडा बड़े मुद्दों को सुलझाने का है. उनके पास ऐसा विजन है, जिसके लिए भाजपा करोड़ों रुपये खर्च करती है. वह पप्पू नहीं हैं बल्कि बहुत पढ़े-लिखे हैं. वह स्ट्रैटेजिस्ट है, जिनका किसी भी विषय पर गहन अध्ययन है. बता दें कि बीते लोकसभा चुनावों में बीजेपी 240 सीटें ही जीत सकी थी. हालांकि एनडीए के घटक दलों की मदद से नरेंद्र मोदी सरकार बनाने में सफल रहे थे. इन चुनावों के बाद से कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन साल 2024 के चुनावी नतीजों को अपनी बड़ी जीत बताकर पेश करता रहा है.



### राहुल गांधी बेरोज़गारी पर क्या कहा

राहुल ने यूनिवर्सिटी ऑफ़ टेक्सास में छात्रों के बीच दुनियाभर में बेरोज़गारी और अन्य मुद्दों पर बात की. कहा कि आज भारत में फ़ोन, फ़र्नीचर और कपड़े हर चीज़ के पीछे 'मेड इन चाइना' लिखा होता है. छात्रों के बीच राहुल गांधी ने अपनी 4 हज़ार किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा पर भी बात की है. राहुल गांधी ने कहा, 'पहला सवाल जो आपने पूछा, वह यह है कि मैं चार हजार किलोमीटर पैदल क्यों चला, हमें ऐसा करने की ज़रूरत क्यों पड़ी?' "इसकी वजह यह है कि भारत में संचार के सभी रास्ते बंद थे. हमने संसद में बात की लेकिन उसका टेलीविजन पर प्रसारण नहीं हुआ. हम मीडिया के पास गए, लेकिन उन्होंने हमारी बात नहीं सुनी. हमने कानूनी व्यवस्था के सामने दस्तावेज भी पेश किए, लेकिन कुछ नहीं हुआ. सारे रास्ते बंद हो गए और लंबे समय तक हम समझ ही नहीं पाए कि संवाद कैसे करें." राहुल बोले, 'फिर अचानक, हमें यह विचार आया कि अगर मीडिया आम लोगों तक नहीं पहुंच रहा है और संस्थाएं हमें लोगों से नहीं जोड़ रही हैं तो हम सीधा उनके पास जाएं. राहुल गांधी ने दावा किया, "इस यात्रा ने मेरे काम के बारे में सोचने के तरीके को मौलिक रूप से बदल दिया. उस यात्रा में कई लोग शामिल थे और इसमें बिना किसी योजना के स्वाभाविक रूप से जो सबसे अच्छी चीज़ हुई वह थी राजनीति में प्रेम के विचार का परिचय. यह अजीब है क्योंकि ज़्यादातर देशों में राजनीतिक विमर्श में आपको प्रेम शब्द कभी नहीं मिलेगा. आपको नफ़रत, गुस्सा, अन्याय, भ्रष्टाचार - ये सभी शब्द मिलेंगे.'

**राहुल गांधी ने और क्या कुछ कहा :** राहुल गांधी ने टेक्सास में एक कार्यक्रम में कहा है, 'आरएसएस मानता है कि भारत 'एक विचार' है, जबकि हम मानते हैं कि भारत 'कई विचारों' से बना है. हम अमेरिका की तरह मानते हैं कि हर किसी को सपने देखने का अधिकार है, सबको भागीदारी का मौक़ा मिलना चाहिए और यही लड़ाई है.' राहुल गांधी ने दावा किया है कि चुनाव के दौरान लाखों लोग इस बात को स्पष्ट तौर पर समझ रहे थे कि भारत के प्रधानमंत्री भारत के संविधान पर हमला कर रहे हैं. राहुल गांधी ने कहा, 'भारत के संविधान में भाषा, धर्म, परंपरा और जाति हर किसी के सम्मान की बात की गई है. संविधान आधुनिक भारत की बुनियाद है. चुनाव के दौरान मैंने देखा कि लोग स्पष्ट तौर पर समझ रहे थे कि बीजेपी हमारी परंपरा, भाषा, राज्य और इतिहास पर हमला कर रही है.' राहुल गांधी ने कहा, 'बीजेपी का डर समाप्त हो गया है. यह भारत के लोगों की उपलब्धि है जिन्होंने बताया कि हम भारत के संविधान पर किसी हमले को स्वीकार नहीं करेंगे.' भारतीय समुदाय से जुड़े एक कार्यक्रम में राहुल गांधी बोले, 'आप यहां मन में घृणा नहीं, सम्मान लेकर आए हैं और आप यहां हमारे दूत हैं. इसलिए आपकी एक बहुत बड़ी भूमिका है. भारत को अमेरिका की ज़रूरत है और अमेरिका को भारत की. आप अपने पुराने घर और नए घर अमेरिका के बीच पुल हैं.'

### चीन का उत्पादन पर कब्ज़ा

राहुल गांधी ने कहा है कि दुनिया में हर जगह रोज़गार की समस्या नहीं है. पश्चिमी देशों में, भारत में रोज़गार की समस्या है, लेकिन चीन और वियतनाम में रोज़गार की समस्या नहीं है. राहुल गांधी ने कहा है कि साल 1940, 50 और 60 के दशक में अमेरिका वैश्विक उत्पादन का केंद्र था. अमेरिका में कार, वाशिंग मशीन, टीवी सबकुछ बनाया जाता था, लेकिन धीरे धीरे यह उत्पादन कोरिया, जापान और अब चीन में चला गया है. राहुल ने कहा है, "अगर आप आज देखें तो चीन वैश्विक उत्पादन पर हावी है. भारत में आप फोन, फर्नीचर, कपड़े देखें तो उन सभी के पीछे "मेड इन चाइना" लिखा होता है. यह एक तथ्य है." "तो क्या हुआ है? पश्चिमी देशों, अमेरिका, यूरोप और भारत ने उत्पादन के विचार को छोड़ दिया है और इसे चीन को सौंप दिया है." राहुल गांधी ने रोज़गार के संकट पर ख़ास तौर बात की है और कहा, 'उत्पादन का काम रोज़गार पैदा करता है. हम जो करते हैं, जो अमेरिका या पश्चिमी देश करता है वह उपभोग को व्यवस्थित करना है.' राहुल गांधी के मुताबिक़- भारत को उत्पादन के काम और उत्पादन को व्यवस्थित करने के बारे में सोचना होगा. विनिर्माण या उत्पादन चीनी, वियतनामी या बांग्लादेशियों का होने जा रहा है. राहुल गांधी बोले, 'बांग्लादेश अभी समस्याओं का सामना कर रहा है, लेकिन उसके बाद भी उसने वस्त्र उद्योग में हमसे पूरी तरह से प्रतिस्पर्धा की है. उन्होंने वस्त्र उद्योग में हमारा सफ़ाया कर दिया है.' हालांकि पीएम मोदी कई मौक़ों पर ये कहते रहे हैं कि भारत की अर्थव्यवस्था तेज़ी से आगे बढ़ रही है. नई सड़कों, हवाई अड्डों, बंदरगाहों और मेट्रो लाइनों का निर्माण नरेंद्र मोदी की आर्थिक नीति की धुरी रहा है. हालांकि बेरोज़गारी के मुद्दे पर पीएम मोदी की अकसर आलोचना होती रही है.

### राहुल गांधी के अमेरिकी दौरे पर बीजेपी की कड़ी प्रतिक्रिया, कहा- आरएसएस को जानने के लिए कई जन्म लेने पड़ेंगे

राहुल के इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए बीजेपी सांसद गिरिराज सिंह ने कहा, "आरएसएस को जानने के लिए राहुल गांधी को कई जन्म लेने पड़ेंगे. कोई देशद्रोही आरएसएस को नहीं जान सकता. जो विदेशों में जाकर देश की निंदा करे वो आरएसएस को नहीं जान सकता. लगता है कि राहुल गांधी भारत को बदनाम करने के लिए ही विदेश जानते हैं." उन्होंने कहा, "मैं बार-बार कह रहा हूं कि राहुल गांधी इस जन्म में आरएसएस को नहीं समझ पाएंगे, क्योंकि यह संगठन भारतीय संस्कार और संस्कृति से पैदा हुआ है." वहीं अमित मालवीय ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है, "कल्पना कीजिए कि कोई राहुल गांधी का परिचय इस तरह से करा रहा हो कि वो पप्पू नहीं हैं और सैम पित्रोदा ने यह कर दिखाया है." सैम ने मई 2024 को एक इंटरव्यू में कहा था- "हम भारत जैसे विविधता से भरे देश को एकजुट रख सकते हैं, जहाँ पूर्व में रहने वाले लोग चाइनीज़ जैसे दिखते हैं, पश्चिम में रहने वाले अरब जैसे दिखते हैं, उत्तर में रहने वाले मेरे ख़्याल से गोरे लोगों की तरह दिखते हैं, वहीं दक्षिण में रहने वाले अफ़्रीकी जैसे लगते हैं. इससे फ़र्क़ नहीं पड़ता. हम सब भाई-बहन हैं." वहीं राहुल गांधी के बयान का कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने समर्थन किया है. कहा,"हम देश को समझते हैं, आरएसएस को नहीं और ना ही हम आरएसएस को समझना चाहते हैं. आरएसएस को क्या समझा जाए, क्या वह समझने लायक है? जरा बताएं?

# नौशेरा सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश में दो आतंकी हुए ढेर

- दो एके-47 और एक पिस्तौल सहित बड़ी मात्रा में युद्ध में उपयोग किए जाने वाले सामान बरामद

**एजेंसी। जम्मू**



जम्मू-कश्मीर में भारतीय सेना ने आतंकियों के घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है. राजौरी जिले के नौशेरा सेक्टर में सोमवार को नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की कोशिश के दौरान दो आतंकवादी मारे गए.

भारतीय सेना ने कहा कि "घुसपैठ की संभावित कोशिश के संबंध में खुफिया एजेंसियों और जम्मू-कश्मीर पुलिस के इनपुट के आधार पर, सेना द्वारा 8 और 9 सितंबर की मध्यरात्रि को सामान्य क्षेत्र लाम, नौशेरा में एक घुसपैठ विरोधी अभियान शुरू किया गया था." "इस अभियान में दो आतंकवादियों को मार गिराया गया है और अब तक दो एके-47 और एक पिस्तौल सहित बड़ी मात्रा में युद्ध में उपयोग किए जाने वाले सामान बरामद किए गए हैं. सुरक्षा बल कड़ी निगरानी रख रहे हैं, जिसके लिए हवाई प्लेटफार्मों का उपयोग किया जा रहा है." सेना ने आगे कहा कि इलाके में तलाशी अभियान जारी है.

पिछले दिनों घुसपैठ में बढ़ोतरी हुई है, खासकर सर्दियों की शुरुआत और बर्फबारी से रास्ते बाधित होने से पहले. जम्मू संभाग के पुंछ, राजौरी, डोडा, कठुआ, रियासी और उधमपुर के पहाड़ी जिलों में पिछले दो महीनों के दौरान सेना, सुरक्षाबलों और नागरिकों के खिलाफ आतंकवादी हमले हुए हैं.

इन हमलों के लिए 40 से 50 की संख्या में माने जाने वाले कट्टर विदेशी आतंकवादियों के एक समूह के जिम्मेदार होने की रिपोर्ट के बाद, सेना ने 4,000 से अधिक प्रशिक्षित सैनिकों को तैनात किया गया, जिनमें विशिष्ट पैरा कमांडो और पर्वतीय युद्ध में प्रशिक्षित लोग शामिल थे. आतंकवादी अलग-अलग तरीके का इस्तेमाल कर रहे हैं. सेना और सीआरपीएफ की तैनाती के साथ-साथ निवासियों द्वारा तैयार ग्राम रक्षा समितियों के मजबूत और जागरूक होने से आतंकवादी अपने गलत मंसूबे पूरे करने में कामयाब नहीं हो पा रहे हैं.

# हरियाणा में गठबंधन की चर्चा के बीच 'आप' ने जारी की लिस्ट

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार को अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी. पहली सूची में पार्टी ने 20 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है. खास बात यह है कि हरियाणा में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच लगातार सीट शेयरिंग को लेकर चर्चा चल रही है. लेकिन, दोनों पार्टियों के बीच अभी तक गठबंधन पर सहमति नहीं बन पाई है. माना जा रहा था कि हरियाणा में आप, कांग्रेस से 10 या उससे ज्यादा सीटें देने की मांग कर रही थी.

इसी बीच पार्टी ने नारायणगढ़ से गुरपाल सिंह, कलायत से अनुराग ढांडा, पूंडरी से नरेंद्र शर्मा, घरौंडा से जयपाल शर्मा, असंध से अमनदीप जुंदला को प्रत्याशी बनाया है. समालखा से बिट्टू पहलवान, उचाना कलां से पवन फौजी, दाबवली से कुलदीप गरदाना, बादशाहपुर से बीर सिंह सरपंच, बादली से रणबीर गुलिया, बेरी से सोनू अहलावत, रनिया से हैप्पी रनिया, रोहतक से बिजेंद्र हुड्डा, भिवानी से इंदु शर्मा, मेहम से विकास नेहरा को प्रत्याशी बनाया है.

### 'आप' को बड़ा झटका

चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच आम आदमी पार्टी के पंचकूला जिला अध्यक्ष रंजीत उप्पल ने सोमवार को भाजपा का दामन थाम लिया. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उन्हें भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई. इस मौके पर राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा भी मौजूद रहे.

# इजरायल को हथियार निर्यात में दखल से कोर्ट का इनकार

- शीर्ष कोर्ट ने कंपनियों के लाइसेंस रद्द करने और नये लाइसेंस जारी करने संबंधी याचिका खारिज की

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उस जनहित याचिका (पीआईएल) को खारिज कर दिया, जिसमें गाजा के साथ चल रहे संघर्ष के बीच इजरायल को हथियारों और अन्य सैन्य उपकरणों के निर्यात के लिए विभिन्न भारतीय कंपनियों के लाइसेंस रद्द करने और नये लाइसेंस जारी करने पर रोक लगाने के लिए केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग की गई थी.

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि संविधान के अनुसार रक्षा और विदेश मामलों का संचालन करने का अधिकार और अधिकार क्षेत्र केंद्र सरकार के पास है. पीठ में न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और मनोज मिश्रा भी शामिल थे. शीर्ष अदालत ने कहा कि अनुच्छेद 162 के अलावा संविधान के अनुच्छेद 253 के प्रावधान यह निर्धारित करते हैं कि संसद के पास किसी भी अंतर्राष्ट्रीय समझौते, सम्मेलन या संधि को लागू करने के लिए पूरे भारत संघ या उसके हिस्से के संबंध में कोई भी कानून बनाने की शक्ति है. पीठ ने कहा, "हम सरकार से यह नहीं कह सकते कि आप किसी देश को निर्यात नहीं करेंगे या आप किसी विशेष कंपनी को सैन्य उपकरण निर्यात करने वाली सभी कंपनियों के लाइसेंस रद्द कर देंगे. यह राष्ट्रीय नीति का मामला है." इसके अलावा, सुप्रीम कोर्ट ने माना कि याचिका में मांगी गई निषेधाज्ञा राहत से अनिवार्य रूप से अंतर्राष्ट्रीय अनुबंधों और समझौतों का उल्लंघन होगा. उसने स्पष्ट किया कि उसकी टिप्पणियों का उद्देश्य केंद्र सरकार या किसी संप्रभु राष्ट्र द्वारा विदेश नीति के संचालन पर कोई राय देना नहीं है.

जनहित याचिका में अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) के एक हालिया फैसले का हवाला दिया गया, जिसमें गाजा पट्टी में अंतर्राष्ट्रीय समझौतों के उल्लंघन के लिए इजरायल के खिलाफ अनंतिम उपायों का आदेश दिया गया था.

**धर्म-कर्म** पीठापुरम-काकीनाडा रोड पर नए आश्रम परिसर में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. उमर अली शाह ने कहा

# आत्म विश्लेषण की शक्ति देता है आध्यात्मिक और दार्शनिक ज्ञान

**लगातार न्यूज नेटवर्क। पिठापुरम**

श्री विश्व विज्ञान विद्या आध्यात्मिक पीठ के नौवें पीठाधिपति डॉ. उमर अली शाह ने कहा कि आध्यात्मिक और दार्शनिक ज्ञान व्यक्ति को अच्छे व बुरे का आत्म विश्लेषण करने की शक्ति देता है और मानव तंत्र सही दिशा में आगे बढ़ता है. पीठम के सातवें प्रमुख हुसैन शाह की 119वीं जयंती मनाने के लिए सोमवार को पीठापुरम-काकीनाडा रोड पर नए आश्रम परिसर में आयोजित एक बैठक में अली शाह ने भक्तों को संबोधित किया.

ज्ञातव्य है कि मनुष्य में आध्यात्मिकता की कमी के कारण ही समाज में बुराइयों का निर्माण होता है.



ऐसा कहा जाता है कि जो व्यक्ति अपनी जीवनशैली में माया की शक्तियों से पीड़ित है और बेचैन और असंतुष्ट महसूस कर रहा है वह न केवल खुद को खो रहा है बल्कि अपने साथियों को भी खो रहा है. यह बात सामने आ चुकी है कि आध्यात्मिक चिंतन से ही मनुष्य को मानसिक शांति मिल सकती है. यह ज्ञात है कि यदि हम काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद और माश्च रय को समतल कर लें, जो हमारी आत्मा को परेशान करते हैं, तो हमें अच्छे और बुरे का विश्लेषण करने की शक्ति मिल जाएगी. उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति बचपन से ही दार्शनिक ज्ञान प्राप्त कर ले तो वह जीवन भर शांतिपूर्ण जीवन जी सकेगा. ऐसा कहा जाता है कि ध्यान, ज्ञान और मंत्र की त्रिवेणी का अभ्यास करने से दार्शनिक ज्ञान प्राप्त होता है. उन्होंने कहा कि सभी को पीठम के सातवें प्रमुख हुसैन शाह द्वारा लिखित कालजयी ग्रंथ "शाह तत्व" पढ़नी चाहिए. उन्होंने पीठम के सदस्यों से पर्यावरण संरक्षण के तहत तीन-तीन पौधे लगाने का आह्वान किया.

### कई जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीनें वितरित

बाद में, राष्ट्रपति ने उमर अलीशा ग्रामीण विकास ट्रस्ट और रोटरी ब्लड बैंक द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया. ट्रस्ट ने कई जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीनें वितरित कीं और सभा में पक्षियों के चारे के लिए अनाज का वितरण किया. अली शाह ने मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में पीठम द्वारा प्रकाशित कई पुस्तकों का अनावरण किया. बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल जेएनटीयूके, कुलपति डॉ. मुरलीकृष्ण, रजिस्ट्रार डॉ. रवीन्द्रनाथ, शतावधानी अमुदाला मुरली, श्री किरण कांति अस्पताल के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. चन्द्रशेखर रावुलु ने सदस्यों से कहा कि इंसानों को अपने मतभेदों को भुलाकर इंसानों के प्रति समभाव रखना चाहिए. चेयरमैन ने आध्यात्मिक दर्शन और सामाजिक सेवाओं पर ध्यान केंद्रित करके अलीशा की सेवाओं की प्रशंसा की. इसके बाद, पीठासीन अधिकारी ने प्रसिद्ध कवि, लेखक और विश्लेषक जोन्नाविटुला श्रीरामचंद्रमूर्ति को सम्मानित किया, जिन्होंने विज्ञान ज्योति ग्रंथ का कन्नड़ भाषा में अनुवाद किया था.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)